सबसे पहले मैं उस कमेटी के चेयरमैन और सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने देश की अनइकानोमिक ब्रांच लाइनों के बारे में सही तरीके से अध्ययन करके अपनी रिपोर्ट पेश की है। इस से पहले भी नैरोगेज या मीटरगेज लाइनों का ब्राडगेज में कनवर्शन होता था, लेकिन इस सम्बन्ध में कोई निश्चित तरीका नहीं था। उस वक्त के रेलवे बोर्ड या मंत्रियों की जहां इच्छा होती थी, वहां कनवर्शन किया जाता था। कनवर्शन के सम्बन्ध में प्राप्रर्टी निश्चित करने के लिए कोई जांच नहीं की जाती थी। इस दृष्टि से इस कमेटी ने एक बड़ा अच्छा काम किया है।

ब्राडगेज में परिवर्तित करने के लिए जिन लाइनों की जांच की गई है, उन में साउथ-ईस्टर्न रेलवे के अन्तर्गत सतपुरा रेलवे का नादंरन सेक्शन भी है, जिस की लम्बाई 660 किलोमीटर है, जिस को ब्राडगेज में कनवर्ट करने के लिए इस कमेटी ने सिफारिश की है। इस नादंरन सेक्शन में प्रतिवर्ष करीब सवा दो करोड़— 2.27 करोड़-रुपये का घाटा होता है। कमेटी ने कहा है कि जहां तक यातायात का सम्बन्ध है, यह लाइन बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद इस को सवा दो करोड़ रुपये प्रतिवर्ष का घाटा होता है क्यों ? वास्तव में नैरोगेज का आपेरेशनल रेशो 218 प्रतिशत है, अर्थात् 218 प्रतिशत है, अर्थात् 218 रुपये खर्च करने के बाद 100 रुपये की कमाई होती है या हर 100 रुपये की कमाई पर 118 रुपये घाटा होता है। इसी लिए इस को हर साल सवा दो करोड़ रुपये का घाटा होता है।

इस की तुलना में ब्राडगेज में आपेरेशनल रेशो 66 रुपयों खर्च करने के बाद 100 रुपये की कमाई होती है । यदि इस लाइन को ब्राडगेज में कनवर्ट कर दिया जाये, तो आज सवा दो करोड़ रुपये प्रतिवर्ष का जो नुकसान हो रहा है, वह 11 करोड़ रुपये के मुनाफे में तब्दील हो जाता है । यानी सवा दो करोड़ का घाटा निकाल कर इन को 9 करोड़ रुपया करीब करीब साल में बचेगा । ऐसी हालत के होते हुए भी प्रति वर्ष सवा दो करोड़ का घाटा उठा रहे हैं और इस लाइन को ब्राडगेज में कन्वर्ट नहीं करते हैं, यह एक आश्चर्य की चीज है यह मानते हुए भी कि यह यातायात के लिए बड़ी महत्वपूर्ण लाइन है । वैसे 4 हजार किलो-मीटर का परिवर्तन छोटी लाइन या मीटर गेज से बड़ी लाइन में किया जा रहा है लेकिन वह इस क्षेत्र को नहीं छूता है, वह सब और अन्यत्र हो रहा है । मेरा यह निवेदन है कि इस लाइन के महत्व को देखते हुए इस ब्राड गेज में परिवर्तित करना आवश्यक है । हमारे रेलवे के उप-मंत्री श्री चतुर्वेदी जी खुद उस स्थान को देख आए हैं । वह समझ सकते हैं कि यह कितने महत्व की चीज है । देश के बिलकुल मध्य भाग में यह स्थित है इसलिए इस लाइन में परि-वर्तित करने के लिए शीघ्र से शीघ्र कोई प्रयास किया जाना चाहिए ।

दूसरा मेरा कहना यह है कि करीब 5 प्रतिशत मैंगनीज का फ्रेट आप ने बढ़ा दिया है । हिन्दुस्तान करीब 15 वर्ष से मंगनीज के व्यापार में सर्वोपरि था । लेकिन संसार में मैंगनीज का भाव गिर जाने से हम एक्सपोर्ट नहीं कर पा रहे हैं । मैंगनीज की माइन्स बन्द हो गई हैं । ऐसी हालत में मैंगनीज पर फ्रेट बढ़ाने से उस के एक्सपोर्ट को और धक्का लगेगा । इस लिए मैं प्रार्थना करूंगा कि इस पर भी रेलवे मंत्री महोदय सोचें ।

इनमें कोई शक नहीं कि इन एक दो वर्षों में जैसा कि कई माननीय सदस्यों ने कहा है कई मामलों में करप्शन बहुत बढ़ गया है । नन्दा जी से हम उम्मीद करते हैं कि वह इस विषय पर भी विशेष ध्यान देंगे । यदि करप्शन कम होता है तो रेलवे निश्चित रूप से और मुनाफा देगी ।

SHRI B. K. DASCHOWDHURY (Cooch-Behar) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, it is very difficult to understand the railway finances. We have been studying and examining the railway finances whenever the Railway Minister presents his budget to the House every year. They come prepared with statistics and other things for increase in fares and freight. No doubt, I must thank the hon. Minister that ultimately at the request of many Members at least he has withdrawn the excesses that he levied earlier on third-class fares. But what about the finances and the working expenses of the railways? These are mounting up higher and higher every year. The operating expenses in proported to the gross profit earning comes to about 84 per cent, but according to this year's statistics or it might be slightly less. In 1960-61 the figure stood at 78.4 per cent but according to last year's figure it was 84.7 per cent. In the current year also it may be roughly like that.

15.34 hrs.

[SHRI K. N. TIWARY *in the Chair*]

So, I think, there is enough scope to reduce at least the operating costs and the working expenses in relation to the gross profit earned by the railways. In the late 1950s it was about 75 per cent and I urge upon the Railway Minister to consider whether if it is very difficult to lower down the operating costs to 70 or 75 per cent as it was in the late 1950s.

Then, we find that the capital-at-charge is also not maintaining its own proportion. In 1960-61 the capital-at-charge was Rs. 1,521 crores but last year, that is, in 1968-69 it stood at Rs. 3,116 crores and in the current year it might be about be Rs. 3,200 cross or even a little more. So, what we find that from year to year there is a large amount of capital investment for various railway works.

But actually what is the return that the

[Shri B. K. Daschowdhuri]

Railway receives. It is 45 to 50 per cent In the course of eight years, from 1960 61 to 1968-69. While the capital invested is about 105 per cent, according to the figure for 1968-69 and it will be more according to the current years statistics. For the railway financial year ending 31st March it will be about 110 to 115 per cent. So, the more and more the Railways are investing the lesser and lesser return they are getting. That should be seriously considered and I would request the Minister to give his serious thinking about this matter.

Then, about the functions of the Railway Board, much has been said by hon. Members in this House. But it seems that the Railway Board do not like to care for these suggestions which the members make here from time to time Only day before yesterday we have read in the papers that some more Members have been appointed to the Railway Board. While the hon. Members are suggesting so much and requesting the Minister at least to go into the length of the railway Board's expansion and if necessary, to a bolish the Railway Board and not to keep the Railway Board as the functional head of the Railway Ministry, the Railway' Board's strength is being augmented. This goes also against the very specific recommendation made by the Administrative Reforms Commission that the number of the Railway Board Members should not be more than six excluding the Chairman. Not only that, there should not be any additional Member also. These are the specific cases the Railway Board and the Railway Officers do not like to hear. I do not know whether they like to hear even their Minister.

About the utilisation of assets, according to the report they have placed before this House, the railway properties have not been utilised to its fullset. There is a gap of About 15 to 16%. Is is not possible for them to utilise the railway assets to the fullset extent so that they can have the best proportionate return ?

Then there is another question about the saloons. The other day one of the hon. members said that there are about 900 saloons. There are nothing but relics of the British colonialism. Year after year it is being suggested that these saloons should be abolished but they turn a deaf ear to these suggestions.

We have also seen the report of the Committee on Uneconomic Railway Lines. I am going to refer to two Branch lines which were affected by the great October flood of North Bengal in 1968. On several occasions these cases were referred to. Some of the railway officers say that these are uneconomic lines and these cannot be considered I do not know how far it is true. We have got the report of the Committee. There it is not mentioned that these two lines Jalpaiguri to Haldibari and Lataguri to Changrabandha *Via* Domohini in the NFF Railway are uneconomic lines, But I think one line running to a stretch of 5 or 6 kilometres from Lataguri to Ramshai is uneconomic. Now about the above two Branch lines a number of representations were made, number of letters were written and number of times it was discussed in this House. Sir, I wish to refer in this connection to one question tabled on the 5th August 1969—unstarred question No. 2271. It was asked :

> "(a) Whether his Ministry has received representations from the people of Haldibari in West Bengal for restoring the Railway communication between Haldibari and Jaldibari and Jalpaiguri towns on the North-East Frontier Railways ; and
>
> (b) If so, the steps taken in the matter ?"

The Minister replied :

> "(a) Yes.
>
> (b) As the mansoons have already set in, the restoration work of the line between Jalpaiguri and Haldibari stations can be taken in hand only after the rainy reason, by which we expect to receive the report of the Technical Committee appinted by the Ministry of the Irrigation and Power

which give us a better appreciation of the whole situation."

Sir, the monsoon is already over; it has passed away and winter is splitting up like anything and we are getting the summer soon. This Railway Ministry—in spite of so many representations so many attempts made by us—have not taken up this line Why have not they restored up these lines, Sir ? He said, I quote him. in his own words—"I have already ordered to have this outageney started from the Jalpaiguri town, the district headquarter town to Haldibari". Why should not the same line be restored, the line which has been damaged by this great October flood in North Bengal in 1968 ? What is their duty ? At least they should restore these lines as early as possible, in view of the assurances made on the floor of this august House. What is the duty of the Railway Minister, Sir ? It is the duty of the Railway Minister to come out with proper decision and to order the expeditious restoration of the two branch lines.

In this connection, I would like to mention one thing. There was a mass movement on the 7th day of January; in 1970 and about 1200 to 1300 persons were essembled in one station—near at Jalpaiguri town, in Raninagar, station—and they stopped all trains in that section of the N F. Railway in order to lodge their protest against non-restoration of those two lines, Haldbari-Jalpaiguri and Lataguri Changrabandha. Sir, it is very much unfortunate that I have to tell you here in this August House, about misbehaviour of some officers. The local officer, known as the area officer at Siliguri—this is the new designation given to some of these officers in the various parts of the country—did not care to come and meet the local people, as what were the difficulties they encounter and to enquire such things from them on behalf of the Railways, the Railway Board and the Railway Minister. This is the type of officer, quite unbecoming of area officer. The railway officers are indualging in victimising their employees in all ways like this. On the 20th of January I had an occasion to meet the NF Railway General Manager who was Mr. M.T. Lee at that time. It is to be seen that the NF Railway is one zone where the general managers are transferred very frequently sometimes after 2, 3 months or 4 months. I discussed with the General Manager about some of the grievances of the employees. He agreed to do somethings of those grievances and restore better relations with employees. But the moment the General Manager was transferred, 3 days or 4 days after that I met him on the 28th January last, the area officer of Gauhati area and Tinsekia areas started victimising the employees. There was a specific order passed by the Railway Board that in the present year 1969-70, there should be no transfer of employees from one place to the other, unless there are certain emergencies. But in spite of that, in spite of the Railway Board's directives, this area officer started victimising the employees, penalising the employees, by making several transfers, asking them to go from one station to the other without only shyme and reason. Very recently I got a circular from the employees that the employees have been threatened with consequences and illegal transfer orders are being passed so frequently This area officer threatened the local employees by saying. "We will transfer you, we will penalise you as much as we can ; let your President come, let Mr Daschowdhury come to save you" Sir, is this the way the Railway Officer should behave with the employees ? Is this the way to maintain proper employer-employee relations ? I do not know. Let the hon. Minister reply to this charge and be it also known that in future Railway employees will not tolerate this kind of irresponsible utterances of any officer what so ever.

There are certain category-wise associations in the Railways which have come to stay. There are, as we known; two big recognised associations, the All India Railwaymen's Federation and the National Federation of Railwaymen But in addition to these two, there are about 35 category-wise associations like the Station Masters' Association, Ticket Checking Staff Welfare Association, Signaller's Council, Ministerial associations and so on. The Railways are not affording recognition to these category-wise associations. I do not know the reason why. But it is a fact that the two

[Shri B. K. Daschowdhuri]

recognised associations of the employees are not in a position to cater for the special needs and requirements of the category-wise staff. Hence these category-wise associations have come up in their own way.

About the ticket checking staff, I would like to refer to one point only. The travelling ticket examiners, TTEs, are there. Their very name signifies shows that they have to move with the trains. Everyone knowns this. There were several representations made requesting that the TTEs should be regarded as belonging to the running staff like the guards, brakesman etc As a matter of fact, upto 1931, while the Britishhers were here in control of the railways, these people were regarded as belonging to the running staff. But because of the great economic depression of 1930 after the first world war, certain benefits were withdrawn. But still these benefits are being continued in some railways, as for example, in case of employees of old Assam-Bengal Railway, those who are still working in the North East Frontier Railway after absorption from the A-B Railway are still regarded as running staff, but others performing the same duty are not. So there is this anomaly and travesty of justice. So it was suggested that the ticket checking staff moving with the trains should be regarded as running staff. In the last year also I had the privilege to raise this matter in this August House and to argue with the hon. Minister for this. Since there were a number of decisions given by many legal experts and by Shri Rajadhyaksha, in an adjudication in 1947 and also by the Railway Corruption Inquiry Committee headed by Acharya Kripalaniji, suggesting that the TTEs should be treated as running staff. I find no reasons for the Railway Ministry not to accept the suggestions made. But the Railway Ministry, as a tailist of the British Bureaucracy did not see fit to consider this favourably.

Now the Ministry has appointed a Commission under the chairmanship of Shri Miabhoy. I would urge upon the Minister to consider the TTE's as running staff and in the alternative their case be referred to the Commission for consideration whether the TTE's should be treated as running staff on the same lines as guards and brakesmen.

As regards service matters, with in my limited time I come only to the recruitment of scheduled castes and scheduled tribes on the railways. It has been stated in the Railway Report that there are certain reservations in various spheres but the only difficulty is that adquate numbers of candidates are not forthcoming for appointment. What is the explanation of the Railway Board ? I happened to ask some railway officials on the NF Railway about this. This is what they said :

> "Several drives were launched from time to time since 1958 to meet the shortfall under General Manager's special powers that these could not be fully made good partly because of the fact that suitable candidates were not available in the technical categories and partly because of the circumstances mentioned against item (a) above".
>
> "Whenever steps were taken to fill up the shortfall in vacancies by special recruitment under General Manager's powers the Commissioner, the recognised Scheduled Castes/Scheduled Tribes Associations and also the various Employment Exchanges were requested to direct eligible persons from the reserved communities to appear for the selection, but the response from the Commissioner and also the Associations mentioned above was not always encouraging".

On the other hand, if we go to the reports of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes, we find that there are thousands of graduates Masters. degree holders under various categories requiring employment, who are not getting any jobs. Under the special powers of 1958 given to the General Managers to make special recruitment from among Scheduled Castes and Scheduled Tribes candidates, 17 persons were recommended for appointment

in the N.F. Rly. but they could not be appointed. What happened is known from the following quotation :

> "It is pointed out that 17 suitable Scheduled Tribe candidates who were empanelled for appointment in the ministerial categories could not so far be recruited because of the circumstances mentioned above. It was proposed to offer them out-door posts of the Traffic Department in the same grade (Trins Clerk) and Board's permission to operate the panel which had lapsed was sought, but this was not agreed to. The matter is again being represented to the Board."

The Railway Board submits a big report saying that it is taking all possible measures to give them employment, but when the opportunity arises, the General Manager says that there should not be any appointment as there is already a ban on further appointments. In this way, the Scheduled Castes an Scheduled Tribes people for whom we speak so much here and for whom there are so many very important provisions made in the Constitution, are denied opportunities. If this is the attitude of the Railways, where will these people go ? I can tell you from the reports that the employees belonging to these communities are hardly five to six per cent of the total employees in the Railways instead of 12½ per cent and 5% for Scheduled Castes and Tribes respectatively. So, I urge upon the Minister to go through these cases and devise ways and means to increase the in-take of persons belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

SHRI J. B. KRIPALANI (Guna) : I want only one minute.

I am not much bothered about the efficient and honest working of the Railways. I do not bother what facilities are given to the third class passengers or what facilities are denied to them. I do not care for the extravagance with which the Railway Board works. I have seen here that Ministers and Members of Parliament are more concerned about their constituencies than about the general administration. They see that their constituencies get whatever they need, and more money is spent on that than on any other thing. Members of Parliament also always talk of their constituencies, I am getting abusive letters from my constituency that I do nothing for them. They are quite right, I have never done anything for any constituency or any province, I have worked for India. I want to be free from receiveing these abusive letters from day to day. My constituency is in the district of Guna in Madhya Pradesh. There is no road from Bina to Guna. Only one train runs from Bina to Guna in 24 hours. My constituency people want that the Railway Minister might very kindly arrange a scheduled train from Bina to Guna once a while. That is all ; I have said everything that I wanted, I only bothered that I should not get abusive letters from my constituency. If you can please give them that little line which will also be profitable, I shall at least not get abusive letters. That is all.

सभापति महोदय : श्री नाथूराम अहिरवार ।

पांच मिनट ही मिलते हैं, आप पांच मिनट में ही समाप्त कीजिए ।

श्री मु० अ० खां (कासगंज) : यह कौन सा कायदा है ? यह कैसा डिस्क्रिमिनेशन है ?

सभापति महोदय : स्पीकर्स बहुत हैं ।... (**व्यवधान**)...

श्री मु० अ० खां : हमारी पार्टी का टाइम खत्म हो जाए तो आप हमें मत बुलाइये लेकिन यह डिस्क्रिमिनेशन मत कीजिये ।...(**व्यवधान**)

श्री नाथूराम अहिरवार (टीकमगढ़) : सभापति महोदय, सबसे पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि जिस क्षेत्र से मैं आता हूं वह हिन्दुस्तान में सबसे पिछड़ा हुआ क्षेत्र है—वह है बुन्देलखंड । सन् 30 में उस क्षेत्र में एक रेलवे लाइन ललितपुर-टीकमगढ़-छतरपुर-महोबा का सर्वे हुआ था जिसमें कि खजुराहो पड़ता है

[श्री नाथूराम अहिरवार]

लेकिन आज तक उसके सम्बन्ध में कुछ नहीं हुआ है। जब हम कहते हैं कि रेलवे लाइन डाली आये तो सरकार कहती है कि हमारी योजना है लेकिन अभी धन नहीं है इसलिए हम उसको नहीं बना सकते हैं। उस क्षेत्र में अभी जो सर्वे हुआ है उससे पता चला है कि वहां पर तांबे का बहुत बड़ा भंडार है। इसके अलावा वहां पर पत्थर, इमारती लकड़ी, गल्ला, साविज्या गल्ला उत्पन्न होता है जो ट्रकों से बाहर भेजा जाता है। वहां पर कोई कारखाना न होने से उस क्षेत्र का कोई विकास नहीं हुआ है। मैं पूछना चाहता हूं कि अगर वहां पर कोई कारखाना नहीं है तो क्या यह वहां के लोगों की गलती है ? यह तो सरकार जी गलती है। सरकार दिल्ली और दूसरे बड़े बड़े शहरों के आस पास बड़े बड़े कारखाने लगाती है। वहां पर सड़कें भी बन जाती हैं और अण्डरग्राउण्ड रेलवे भी बनाई जा सकती है लेकिन जो देहाती क्षेत्र हैं वहां पर पानी भी नहीं मिलता है, सड़कें नहीं हैं, दवा दारू का कोई प्रबन्ध नहीं है। वहां पर कोई रेलवे लाइन नहीं। ऐसी दशा में वहां का विकास कैसे हो सकता है। मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि हमारे क्षेत्र में बहुत दिनों से जो रेलवे लाइन की मांग पड़ी हुई है उसको जल्दी से प्रारम्भ करें।

16 hrs.

एक बात मुझे यह निवेदन करनी है कि मेरे क्षेत्र में झांसी-मानिकपुर रेलवे लाइन पर निवाड़ी एक स्टेशन है, जिसका प्लेटफार्म ऊंचा करने के लिए लगातार प्रयत्न किया जा रहा है। वह प्लेटफार्म इतना नीचा है कि बरसात में वहां पर एक्सीडेंट हो जाते हैं। दिसम्बर, 1968 में मैंने मंत्री महोदय को पत्र दिया था तो मन्त्री महोदय ने मेरे सुझाव को मंजूर कर लिया था कि प्लेटफार्म को ऊंचा करने के लिए, मालगोदाम और सड़क बनाने के लिए रुपया मंजूर कर दिया गया है। लेकिन अभी देख कर आया हूं, वहां कोई भी काम चालू नहीं किया गया है। दो साल से फाइलें पेंडिंग पड़ी हैं जब कि वहां पर भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं खरीद का स्थायी केन्द्र (परचेजिंग सेन्टर) परमनेन्ट कर दिया गया है। पिछले साल 300 वैगन तथा इस साल 250 वैगन गेहूं लोड हुआ, वहां पर सीमेंट पत्थर, किरोसीन आयल, चीनी आदि के वैगन हमेशा आते हैं और लोग अपना व्यापार (बिजिनेस) चलाते हैं, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता कि यह कितना प्रमुख स्टेशन है जहां से यह सारा कारोबार चलता है।

मैं रेलवे मंत्री महोदय का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि जब वह कहते हैं कि रेलवे को घाटा होता है तो उसका कारण क्या है ? अगर आपके कामर्शियल डिपार्टमेंट के आदमी सही तरीके से व्यापारियों से व्यवहार (डील) करें तो घाटा कभी नहीं हो सकता। जो ब्रांच लाइनें आज से 100 वर्ष पहले खोली गई थी, आखिर वह इन सब बातों को ध्यान में रख कर ही खोली गई होंगी। तब फिर आज क्यों घाटा हो रहा है ? क्योंकि जो आपके स्टेशन मास्टर वहां पर काम करते हैं वह व्यापारियों को परेशान करते हैं। जिन लोगों को अपना सामान भेजना है वह तो हर हालत में अपना सामान भेजेंगे ही। वह लोग पैसे देकर अपना काम कराते हैं और वह पैसा व्यापारियों से वसूल किया जाता है। अन्त में जाकर उसका असर लोगों तथा रेलवे पर ही तो पड़ता है।

मैं आपको एक उदाहरण देता हूं। मैं अपने क्षेत्र में गया था। वहां ओले पड़ गये थे। एक पान व्यापारी ने बताया कि मेरी पान की खेती खत्म हो गई और लोग बड़े परेशान हैं तथा जब हम स्टेशन पर पान लेकर जाते हैं तो स्टेशन मास्टर एक रुपया फी टोकरी लेता है। झांसी जब वह आता है तो झांसी के पोर्टर

जो माल लादते हैं वह कहते हैं कि तुम्हारा माल इस गाड़ी से नहीं जायगा। दूसरी पैसेंजर से जायगा। चूंकि पान ऐसी चीज है जो जल्दी खराब होनेवाली है इस लिए वह कहते हैं कि एक एक टोकरी का 3-3 रु० दो। उसके बाद जब दिल्ली आता है तो डिलिवरी नहीं मिलती है। इसके लिए भी 3-3 रु० फी टोकरी देनी होती है। आखिर वह लोग क्या करें ? कौन लायेगा इस तरह से पान को ? यह 7 रु० आखिर व्यापारियों से ही तो वसूल किये जाते हैं। जब तक आप इसमें सुधार नहीं करेंगे तब तक कहीं पर भी काम में कार्यकुशलता (एफिशिएन्सी) नहीं आयेगी और लोगों का तथा रेलवे का फायदा नहीं होगा।

एक तरफ तो यह हाल है दूसरी तरफ प्राइवेट ट्रांसपोर्ट आपरेटर ज्यादा फायदा उठा रहे हैं क्योंकि रेलवे से सही सलामत माल नहीं जाता। मेरे क्षेत्र के एक आदमी ने सतना से सीमेंट का एक वैगन मंगाया। सतना मानिकपुर से 70-80 किलो मीटर है। वहां से मानिकपुर आने में कोई और जंकशन नहीं पड़ता। वहां से वैगन को सीधे तिकड़ी आना चाहिए था। आज छः महीने हो गये हैं उस वैगन का पता नहीं चला कि सतना से कहां चला गया और वह लोग रोते फिरते हैं। आज बम्बई से, कलकत्ता से, कहीं से भी दूसरी जगह को माल जा सकता है लेकिन बड़े ताज्जुब की बात है कि सतना से मानिकपुर को चले हुए वैगन का, जिसके बीच में करीब आठ-दस स्टेशन पड़ते हैं, पता नहीं चल रहा है। यह छोटी छोटी बातें हैं जिनसे लोगों को ही नहीं, रेलवे को भी नुक्सान उठाना पड़ता है।

मैं घाटे की एक और बात बतलाऊं। हमारे यहां झांसी से मानिकपुर को नई रेल लाइन डाली गई। वहां पर स्क्रैप रेल को आक्शन किया गया। मेरे सवाल के जवाब में मुझको बतलाया गया कि पुरानी रेलवे नीलाम (आक्शन) किया गया। जब माल नीलाम कर दिया गया तब यह दूसरी पार्टी की जिम्मेदारी है कि उस माल को उठाकर ले जाय। लेकिन रेलवे अथारिटीज ने इसके लिए भी कंसेशन दिया और बिना शुल्क वैगन दिये। जब दूसरे व्यापारियों को 35 रु० फी वैगन देना पड़ता है तब उनसे कुछ भी वसूल नहीं किया गया और लोडिंग भी रेलवे ने अपनी लेबर से कराया। इस तरह से आप देखिये कि रेलवे को कितना नुक्सान हुआ। जब आपने नीलाम कर दिया तब व्यापारी का काम है कि उसको ले जाय, लेकिन आपने उसके घर तक पहुंचाया। इसमें इस तरह से गड़बड़ी होती है और रेलवे का नुक्सान होता है। मैं कहना चाहता हूं मन्त्री महोदय इसकी जांच करायें इसमें क्या गड़बड़ी है और झांसी-मानिकपुर लाइन की जो स्क्रैप रेलें पन्द्रह कम्पनियों को बेची गई हैं उसकी भी जांच कराई जाय कि उनके बारे में सारी बातें क्यों की गईं।

मैं आपसे यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि चाहे छोटे कर्मचारी हों चाहे बड़े कर्मचारी हों, जो भी रेलवे में काम करते हैं उन सबको एक सी सुविधायें मिलनी चाहियें। अभी पिछले साल मथुरा पर एक अधिकारी ड्यूटी पर मारा गया। चूंकि उसको 400 रु० से ज्यादा तनख्वाह मिलती थी इसलिए कहते हैं कि उनके परिवार को कोई सहायता नहीं दी जा सकती। यह कहां का न्याय है ? चाहे कर्मचारी 5 रु० पाता हो चाहे 100 रु० पाता हो, वह आपकी ड्यूटी करता है—अगर वह ड्यूटी देने से इन्कार करे तो आप उसको बर्खास्त कर सकते हैं, उसका इन्क्रीमेंट स्टाप कर सकते हैं लेकिन अगर ड्यूटी करते वक्त मर जाये तो उसको पैसा मिलना ही चाहिये। आप का ऐसा नियम रखना चाहिए कि जो भी कर्मचारी हो, अगर वह ड्यूटी करते हुए मरा है तो

[श्री नाथूराम अहिरवार]

चाहे वह जितना भी वेतन पाता हो उसके परिवार को पैसा दिया जायेगा।

मैं आपको यह भी बतलाना चाहता हूं कि रेलवे डिपार्टमेंट के अन्दर शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के कर्मचारियों के साथ बेहद अन्याय हो रहा है। मैं नाम नहीं लेना चाहता लेकिन नई दिल्ली स्टेशन पर जो दूसरी यूनियन के लोग हैं उन्होंने एक आदमी को परेशान करने के लिए उसको वहां से ट्रांस्फर करवा दिया जब कि उसके डिवीजनल आफिसर उसके पक्ष में थे। जी० एम० तक ने कहा था कि अच्छा कर्मचारी (ही इज ए वेरी गुड आफिसर) लेकिन जो वहां के विजीलेंस डाइरेक्टर हैं वह इतने भ्रष्ट हैं कि वह सही सलाह न देकर उसको वहां से ट्रांस्फर कर देते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इस तरह के अफसर को हटा देना चाहिये और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज और शेड्यूल्ड कास्ट्स के लोगों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिये।

एक हरिजन पार्सल क्लर्क की बात आपको बतलाऊं। एक सुपरवाइजरी आफिसर की ड्यूटी में किसी मिलिटरी आफिसर की मोटर साइकिल नहीं चढ़ पाई। उसने जाकर सुपरवाइजर की शिकायत (कम्पलेन्ट) कर दी। उस सुपरवाइजरी आफिसर ने रबर से अपना नाम मिटाकर पार्सल क्लर्क का नाम लिख दिया और वह बेचारा परेशान हुआ। उसका इन्क्रीमेंट स्टाप हो गया और सजा मिली और उसको नौकरी से हटाया जा रहा है। गलती दूसरे की थी और पार्सल क्लर्क तो बेचारा ड्यूटी पर भी नहीं था, लेकिन चूंकि सुपरवाइजर ने अपना नाम हटाकर उसका नाम लिख दिया था इस लिये उसको सर्विस से हटाया जा रहा है। दिन दहाड़े हरिजनों के साथ अन्याय हो रहा है। मैं निवेदन करूंगा कि इस पार्लियामेंट के मेंबरों की एक कमेटी बनाई जाय जो कि हरिजनों के वेलफेयर को देखे तथा जो लोग रेलवे में नौकर हैं उनके साथ अन्याय न किया जा सके।

श्री शिंकरे (पंजिम) : सभापति महोदय, आज अखबार में एक व्यंग चित्र आया है जिसमें एक माननीय सज्जन जिनका साम्य रेल मंत्री श्री नन्दा जी से है, दिखाई देते हैं माइक के पास और उनके बाई तरफ एक प्यून है। उसकी ड्रेस पर लिखा हुआ है आफिशियल। जब प्रेक्षकों द्वारा उन वक्ता पर पत्थर फेंके जाते हैं तो वह कहते हैं कि जो कुछ हुआ है उसमें हमारी जिम्मेदारी नहीं है, जिम्मेदारी उनकी है। वह आफिशल्स की जिम्मेदारी है। जब फूल मिलते हैं, हार मिलते हैं तो मंत्री जी कहते हैं कि वह हमारे लिये है और जब पत्थर मिलते है तब जिम्मेदारी आफिसर की रहती है, आफिशल्स की रहती है। मैं कहना चाहूंगा कि जो आफिशल्य रेलवे बोर्ड के है। उनका कर्तव्य यह है कि जो उनके मिनिस्टर हैं उनको अच्छी गाइडेंस दें। लेकिन जब उनकी गाइडेंस मिनिस्टर को मिल चुकती है और उसके बाद फैसला होता है तब आफिसर्स के लिये पत्थर क्यों ?

यहां बहुत से भाषण ऐसे दिये गये हैं जिन में रेलवे के डाइरेक्टर्स का वर्णन इस तरह से किया गया है जैसे वह शैतान हों राक्षस हों। वह भले ही राक्षस हों, लेकिन मैं कहूंगा कि राक्षस होते हुए भी मुझे परिचित राक्षस पसन्द है उन अपरिचित राक्षसों से जो आ सकते हैं क्योंकि अगर यह कहा जाय कि रेलवे बोर्ड की आवश्यकता नहीं है, तो कोई डाइरेक्टर्स का बोर्ड आयेगा, कोई मैनेजरों का बोर्ड आएगा, कोई कारपोरेशन आयेगा कोई न कोई तो वहां होगा ही। इसलिये मैं कहूंगा कि जो आप का रेलवे बोर्ड है उसका रिआर्गेनाइजेशन तो करके देखो।

जो रेलवे बोर्ड के अधिकारी हैं, जो डाइ-

रेक्टर्स हैं उन्हें यह देखना पड़ेगा कि प्राप्त परिस्थिति क्या है, विद्यमान परिस्थिति क्या है देश में। यह ध्यान में रखना पड़ेगा कि अगर मंत्रियों को फूल मिलेंगे, हार तो पत्थर भी मिलेंगे। अभी देखिए कि थर्ड क्लास के जो पैसेन्जर हैं, स्पेशली जो शहर के पैसेन्जर हैं, सुबरबन ट्रेन्स के पैसेन्जर हैं, उनके किराये को बढ़ाया गया। क्या जो हमारे रेलवे बोर्ड के अधिकारी हैं उन को मालूम नहीं है कि बम्बई में, कलकत्ते में, मद्रास शहर में आज क्या परिस्थिति है, जो हमारा जनरल बजट है उसमें पेट्रोल पर ज्यादा कर लगाया गया है, लेकिन गाड़ी जलाने के लिये जो असन्तुष्ट लोग हैं उनको मंहगा हो, सस्ता हो कीमत उसकी बढ़ जाय, तो भी पेट्रोल तो जरूर मिलता रहेगा। इस लिये बढ़े हुए किराये का सुझाव देना अच्छा नहीं है, यह तो मंत्री महोदय को जानना ही चाहिये। और बोर्ड का भी कर्तव्य था कि वह विद्यमान परिस्थिति की मंत्री जी को जानकारी दे। मैं उदाहरण यहां देता हूं। आप जानते ही हैं कि गोआ में मारमागोआ एक नैसर्गिक बन्दरगाह है। वह बहुत महत्वपूर्ण बन्दरगाह है। वहां से चालीस करोड़ रुपये का मैंगनीज और आयरन ओर एक्सपोर्ट होता है। उस बन्दरगाह का विकास करने के लिए अभी अभी बर्ल्ड बैंक से चालीस करोड़ रुपये का लोन मिला है। उसमें उस बन्दरगाह का विकास तो होगा ही। लेकिन विकास होने के बाद उसका फायदा तभी हो सकता है जब हिंटरलैंड जो होता है, उसको भी रेलवे लाइन से अच्छे तरीके से कनैक्ट कर दिया जाए और वहां रेलवे लाइंज अच्छी तरह से बिछा दी जायें। गोआ की जो लाइन है वह मीटर गेज है। वह सिंगल लाइन है उस पर चलने वाली मेल ट्रेन भी धीरे धीरे चलती है लोग उसको बांगड़ा मेन यानी मैकेरल फिश ट्रेन के नाम से पुकारते हैं। वहां पर ट्रेफिक बहुत ज्यादा रहता है। पुर्तगाल के जमाने में मारमागोआ से पूना जाने के लिए 22 घंटे लगते थे। आज भी 22 घंटे ही लगते हैं। इतनी स्लो मूविंग वह ट्रेन है। चालीस करोड़ जो लोन का आपको मिला है, वह तो आप खर्च कर ही रहे हैं। लेकिन उसका फायदा तो पूरा पूरा उठाया जाना चाहिये। मेरी बार बार यह मांग रही है कि गोआ की जो लाइन है उसको आप ब्राड गेज करें। जब यह कहा जाता है तो सवाल किया जाता है कि लोंडा से मारमागोआ तक इतनी ही ब्राडगेज कैसे करें, उसका ब्राड गेजलाइन से कनैक्शन तो होना चाहिये। मैं तो कहूंगा कि गोआ से मिराज तक जो लाइन है उसको जल्दी ही ब्राड गेज करना चाहिये क्योंकि मिराज से पूना ब्राड गेज हो गई है। चालीस करोड़ खर्च करने के बाद भी जब तक हिंटरलैंड तक जो कनैक्टिंग रेलवे लाइंज हैं, उनका विकास नहीं होगा तो चालीस करोड भी आप का शायद पानी में डूब जाएगा।

गोआ से साढ़े सात लाख टन आयरन ओर विदेशों को जाता है। उसमें से केवल आधा मिलियन टन आयरन ओर ही रेलों से मारमागोआ बन्दरगाह तक जाता है बहुत सा आयरन ओर स्टीमर्ज के जरिये से जिनको बाराजिज कहते हैं, जो स्माल शिप होते हैं, जिनकी हजार, पांच सौ टन की कैपेसेटी होती है, जाता है। आज मारमागोआ बन्दरगाह से सिंगल वे ट्रेफिक होता है। उससे लाभ कम होता है और हानि ज्यादा होती है। माइन ओनर्ज गोआ से ओर का केवल निर्यात ही करते हैं। गोआ में आयात कुछ नहीं होता है। जापान, बेल्जियम, जर्मनी से जो स्टीमरशिप आते हैं, वे उधर से कुछ भी नहीं लाते हैं। माइन ओनर्स को डबल फेयर देना पड़ता है क्योंकि आते वार वे कुछ नहीं लाते हैं। जब गोआ के माइन ओनर्ज को डबल फेयर देना पड़ता है तो आप कैसे यह आशा कर सकते हैं कि वे लोग ब्राजील से और आस्ट्रेलिया से निर्यात व्यापार में कम्पीट कर सकते हैं। कैसे वे आपको

[श्री शिकरे]

40 करोड़ रुपये का फोरन एक्सचेंज दे सकेंगे।

मैं हमेशा राष्ट्र के हित को आगे रख कर बात करता हूं। ऐसा मैं नहीं कहूंगा कि सन्तुलन आप स्थापित करें। देश के दूसरे भागों में अगर कुछ होता है तो मैं यह नहीं कहता हूं कि हमारे राज्य में भी आप वैसा ही करो। मैं हमेशा इस बात पर जोर देता हूं कि गोआ में जो भी पैसा आप खर्च करें उसका फायदा राष्ट्र को मिले। आयरन ओर का ट्रांस्पोर्टेशन इम्पार्टेंट है और उससे फारेन एक्सचेंज भी ज्यादा मिल सकती है। मारमागोआ के विकास के बाद जल्दी ही कनैक्टिंग लाईंज का विकास भी होना चाहिये, बल्कि उससे पहले ही हो जाना चाहिये। मारमागोआ से मिराज और मारमागोआ से हासपेट, ये लाइनें तो आपको करनी ही पड़ेंगी। क्योंकि मारमागोआ बन्दरगाह में आयात होने वाला माल दक्षिण महाराष्ट्र और मैसूर के इलाके में आसानी से पहुंच सके।

दूसरी मेरी मांग है कि एक लाइन, वैस्ट कोस्ट रेलवे लाइन बम्बई से मैंगलोर तक। गोआ ही नहीं महाराष्ट्र की कोनकन साइड जो है वह भी अनडिवेलेप्ड है। गोआ के इंडस्ट्रियल पोटैंशल को तो आप जानते ही होंगे। वहां से आपको बहुत फारेन एक्सचेंज प्राप्त हो सकती है। कारवार और मैंगलोर साइड जो है वह भी अविकसित है। इस रेलवे लाइन को जब आप देंगे तो जो अविकसित भाग है वह विकसित हो सकेगा। मेरा इलाका तो इंडस्ट्री के लिहाज से अविकसित है, वैसे अविकसित नहीं है। इस वास्ते रेल की जब हम मांग करते हैं तो उस पर आपका ध्यान जाना चाहिये। इस वेस्ट कोस्ट लाइन से सरकार महाराष्ट्र, गोवा और मैसूर के लोगों को सुविधाएं दे सकता है।

कोनकन में आन्दोलन हुआ था इस लाइन की मांग को लेकर। बम्बई में भी आन्दोलन हुआ था। माननीय सदस्यों की यह धारणा बन चुकी है कि जब गाड़ियां जलाई जाती है, तभी आप लोगों की मांग को स्वीकार करते हैं। लेकिन गोआ के आदमी बहुत पीसफुल हैं, शान्ति में वे विश्वास करते हैं। विलय के वक्त वहां जरा गड़बड़ हुई थी। लेकिन वैसे वे बहुत शान्तिवादी हैं। राष्ट्रहित को ध्यान में रख कर वे काम करते हैं। सन्तुलन का प्रश्न मैं नहीं लाऊंगा। लेकिन अगर उस प्रश्न को भी लिया जाए तो सुस्पष्ट नीति से कहना पड़ेगा कि भारत में कुछ भाग हैं जहां रेलों का जाल सा बिछा हुआ है लेकिन महाराष्ट्र में बहुत कम रेलवे लाइंज हैं। सन्तुलन की बात को भी आप ध्यान में रखें तो भी आपको दो लाइनें जो मैंने बताई जरूर देनी चाहियें।

गोआ में जो लाइन है उस पर कई स्टेशन ऐसे हैं जहां ओवर ब्रिज की जरूरत है। जैसा कि मारमा गोआ बन्दरगाह के नजदीक। वासकोडेगामा जो शहर है वहां के स्टेशन यार्ड में दस बारह लाइनें हैं। लोगों को उनको पार करने में बड़ी कठिनाई होती है। आधा शहर एक बाजू है और दूसरा आधा दूसरे बाजू। वहां पर ओवरब्रिज की सख्त जरूरत है।

मडगांव शहर जो है वहां भी यही बात है। मडगांव शहर की राहदारी बहुत ज्यादा है। वहां भी आधा शहर एक बाजू है और दूसरा आधा दूसरे बाजू। वहां भी ओवर ब्रिज चाहिये। मैं फुट ब्रिज की बात नहीं करता हूं। गोआ में बसें बहुत हैं, टैक्सियां बहुत हैं, फारेन कार्ज तो बहुत हैं ही। वहां जो टैक्सीस हैं वे भी फारेन कार्ज की तरह ही हैं। इतनी वहां राहदारी है कि वहां ओवर ब्रिज न बनने से लोगों को बहुत तकलीफ होती है।

सांवर्डे स्टेशन भी बड़ा महत्वपूर्ण है और वहां भी ओवर ब्रिज की बहुत

जरूरत है। वही बात कालेम स्टेशन की है, वहां भी अब स्टेशन से मोटर स्टैंड पर आना पड़ता है, तब यार्ड में बहुत सी लाइन पार करना पड़ती है। आप कहेंगे कि जब ओवर ब्रिजिज पर खर्च का सवाल आता है तो आधा खर्चा तो स्टेट को वहन करना पड़ता है और बाकी आधा रेलवे खर्च करती है। लेकिन आप जानते है कि हमारी गोवा तो यूनियन टैरिटरी है, संघ क्षेत्र है। संघ प्रदेश के लिए सारा जो खर्चा होता है वह सेंटर करता है।

आप स्मरण रखें कि गोआ प्रदेश आपको फारेन एक्सचेंज बहुत दिला सकता है। वहाँ के लोग बड़े पीसफुल हैं। उनको आप सन्तुष्ट करें। दो लाइनें जो मैंने बताई हैं वे आप दें। साथ ही वासकोडेगामा, मडगांव पर ओवर ब्रिज, सावर्डे स्टेशन पर ओवर ब्रिज आदि देने की आप व्यवस्था करें। मेरी मांगे तो छोटी सी है। और हम जैसे लोगों के तरीके भी शान्तिपूर्ण हैं। मैं चाहूंगा कि आप हमारी अपेक्षाओं की कदर करें।

श्री धूलेश्वर मीना (उदयपुर) : मैं रेल मंत्री जी को बधाई देता हूँ कि उन्होंने निचले तबके के यात्रियों की कठिनाइयों को जान कर, उनको अनुभव कर उनके किराये में वृद्धि को वापिस लिया है। इसका सर्वत्र स्वागत किया गया है। मैं कहूंगा कि नन्दा जी ने अभी अभी रेल मंत्री का पद ग्रहण किया है और उनके सामने जो रेलवे बजट रखा गया उसी को उन्होंने पढ़ दिया। वास्तव में वह उनका खुद का बजट नहीं था। रेलवे बोर्ड में बैठे हुए अफसर व्हाइट एलीफेंट है, जिनके द्वारा यह बजट बनाया गया है, ऐसा कुछ सदस्यों ने हाउस में कहा, यह मैं नहीं मानता हूं। कारण यह है कि जब हम बाहर जाते हैं तो जो सरकारी कर्मचारी हैं वे यह कहते है कि हाउस में बैठने वाले व्हाइट एलीफेंट है। व्हाइट एलीफेंट हम हैं या वे यह हम और वह ही जानते हैं इस में मैं जाना नहीं चाहता हूं। लेकिन एक समस्या की ओर मैं मंत्री महोदय का ध्यान खींचना चाहता हूं। आपके पहले डा० राम सुभग सिंह रेल मंत्री थे। वर्षों की मांग के बाद उन्होंने हम लोगों को एक ट्रेन दिल्ली से उदयपुर तक की दी जिस का नाम चेतक एक्सप्रेस रखा। मैं समझता हूं कि चेतक एक्सप्रेस में जो कमियां रह गई हैं, मंत्री महोदय और रेलवे बोर्ड को उन की ओर ध्यान देना चाहिए। यह ट्रेन हम ने क्या चलाई है, हमारे लिए मुसीबत खड़ी हो गई है। हम लोगों को उस ट्रेन से जाने की इच्छा नही होती है। जिस उद्देश्य से इस ट्रेन को चलाया गया था, वह उद्देश्य हम पूरा नहीं कर सके हैं। उस ट्रेन में एयर-कन्डीशन्ड और फर्स्ट क्लास के डिब्बे तो बढ़ा दिये गये हैं, लेकिन थर्ड क्लास का केवल एक ही कोच लगा है, जिस के कारण थर्ड क्लास के पैसेंजर्ज को 22 घंटे की यह यात्रा बहुत अधिक भीड़ में और दरवाजे पर लटकते हुए करनी पड़ती है। इस लिए इस बात की आवश्यकता है कि चेतक एक्सप्रेस में थर्ड क्लास के दो तीन कोचिज और लगा दिये जायें।

इस ट्रेन के टाईमिंग्ज में भी परिवर्तन करना चाहिए। वह यहां से 11 बजे चलती है। उस को कुछ देर से, 1 या 2 बजे, चलाया जाये और 7 बजे प्रातः उदयपुर पहुंचा दिया जाये वर्तमान व्यवस्था में उदयपुर जाने वाले यात्रियों को सुविधा नहीं मिलती है। यह गाड़ी दिल्ली से अजमेर तक एक्सप्रेस है लेकिन दिल्ली से अजमेर तक और भी गाड़ियां मिलती हैं। इसलिए इस को दिल्ली से उदयपुर तक एक्सप्रेस बनाया जाये।

इस गाड़ी में कोई डाईनिंग कार भी नहीं और 22 घंटे के सफर में डाईनिंग कार का होना बहुत आवश्यक है।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस

[श्री धूलेश्वर मीना]

ट्रेन के टाईमिंग्ज में सुविधापूर्वक चेंज किया जा सकता है। जो ट्रेन हिम्मतनगर से उदयपुर आती है, उस को अगर उदयपुर में हाल्ट न करा कर चित्तौड़ तक एक्सटेंड कर दिया जाये, तो उदयपुर से चित्तौड़ के बीच के लोकल पैसेंजर्ज का रश चित्तौड़ में खत्म हो जायेगा।

इस ट्रेन में डाक और कैश ले जाने की भी असुविधा है। जो गाड़ी खंडवा से अजमेर को आती है, उस में डाक और कैश का इन्तजाम किया जा सकता है। यदि इस ट्रेन को दिल्ली से उदयपुर तक एक्सप्रेस बना दिया जाये, तो अच्छा होगा।

चूंकि चित्तौड़ रतलाम डिविजन में आता है, इस लिए जब यह ट्रेन चित्तौड़ पहुंचती है, तो इस को लेने में बहुत दिक्कत होती है। वहां पर खंडवा से आने वाली ट्रेन को पहले लिया जाता है और इधर वाली ट्रेन को डीटेन कर के रखा जाता है। अजमेर के बाद के जो यात्री मारवाड़ जाना चाहते हैं, उन्हें मारवाड़ के लिए मावली से ट्रेन पकड़नी पड़ती है। इस ट्रेन के डिटेंशन से उन को असुविधा होती है। और सारा दिन मावली में पड़ा रहना पड़ता है। इस लिए यह आवश्यक है कि चित्तौड़ को रतलाम डिविजन के बजाये अजमेर डिविजन में मिला दिया जाये।

उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर व प्रतापगढ़ जो चित्तौड़ जिले के थोड़े से हिस्से के आदिवासी क्षेत्र को विकसित करने की दृष्टि से कितनी बार यह निवेदन किया गया है कि डूंगरपुर से रतलाम वाया बांसवाड़ा रेलवे लाइन को खोल दिया जाये। उस लाइन को बहुत पहले सर्वे हो चुका है। उस क्षेत्र में खनिज पदार्थों, मिनरल्ज, का डेवेलपमेंट हो रहा है। उस लाइन से रेलवे को बहुत आय होगी। रेल मंत्री से मेरा निवेदन है कि इस लाइन का सर्वे कर के उस को शुरू किया जाये।

मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

SHRI DATTATRAYA KUNTE (Kolaba) : I am thankful to the Railway Minister that at last he has ordered the techno-economic survey of the Railways from Apta to Mangalore. But I have to make certain suggestions about it. First of all it should not be merely a techno-economic survey because the techno-economic survey will mean that in case any new business comes that only would be taken into consideration. Why I am making this point is this, Though, as early as 1853, 117 years back, the Railway originated in this country in my part of the country, between Bombay and Thana, it started going northward, and then North-eastward and then it turned its back on us. We do not find any Railway from Bombay to South of Bombay, upto Mangalore. And now with the new techno-economic survey which is contemplated, it will be for the extra business ; it will not take into consideration the present traffic from Bombay to Poona and which goes other places and to Mangalore and Kerala but only the additional business that will be available in these areas. Secondly, the Railways are planning to open a new ghat line between Thalghat and Borghat as at present there is a bottleneck on the Bombay-poona line due to heavy traffic. But that would be dimishing with the availability of the rail line between Bombay and Mangalore to Kerala

SHRI S. M. SOLANKI (Gandinagar) : Sir, there is no quorum in the House.

MR. CHAIRMAN : The Bell is being rung.....

Now there is quorum. He may continue.

SHRI DATTATRAYA KUNTE : Instead of concentrating on this survey of a new ghat line between Thalghat and Borghat they should really concentrate on giving this link between Bombay and Mangalore. There are certain special

factors to be taken into consideration by the Railway Board. We all know that the development of the Bombay port has necesssitated the creation of a separate port at Navasheva. This port is going to be created at a cost of Rs. 40 crores. Now, if this port is to be serviceable to the city of Bombay and the mainland, it will be necessary that it is connected with the Bombay city as also the mainland. The Minister of Transport is also the Minister in charge of Shipping. While speaking somewhere in Bombay he said that when they are constructing this port at Navasheva they would be connecting it by underground road with the City of Bombay, Therefore I would ask the Railway Minister to consider this potential which is available from Navasheva. I am not suggesting this from the local interest point of view only. I would say that this Bombay to Navasheva link should start from Bombay city, go to Navhsheva and reach the mainland and from there immediately go South along the castline. It is not merely local consideration which I am expressing, but this will connect Bombay with Navasheva, Ratnagiri, Marmagoa and Mangalore and they will be interlinked by the Railways so that in case there is no ready berth available for ships at any of the ports from Bombay to Cochin then these ships could be diverted to any port where berth is available.

AN HON. MEMBER : But Will the railways help ?

SHRI DATTATRAYA KUNTE : My friend asks, will the railways help ? The goods may be discharged at the other port, and from there they could be transported back to the place rather than pay demurrage and other charges which have to be paid in foreign exchange. Therefore, the rail link should go all along the coast from Navasheva upto Mangalore. Thus the whole western coast will be connected, one place with the other, and there will be better traffic flow.

Whill taking this into consideration, mere techno-economic survey is not sufficient. The present traffic that is being lifted by the other railways because of there being no railway available between Bombay and Banglore should be credited to this account. Then the necessity of the third Ghat between Thalghat and Borghat would not arise. That should also be taken into consideration. The railway line should not be taken up from Apta to Mangalore but from Navasheva to Mangalore as near the coastline as possible so that the cause in view is better served.

Coming to the budget proper, I find that instead going in for economy, the Minister has chosen the shortest and easiest why of taxing the public. There are many ways and means available for bringing about economy in railway operations. During the last five years, the capital expenditure on the railways has risen by as much as 33-1/3 per cent. In the year 1964-65, the capital invested was Rs. 2, 400 crores and more. Now it is of the order of Rs. 3,200 crores, and more. Are the railways justified in incurring this extra capital expenditure of Rs 800 crores during the last years ? What are the benefits that they have given ?

The public Accounts Committee examined the working of the Third Plan and found that instead of the original expenditure of Rs. 1,300 crores, they ultimately spent Rs. 1,600 crores – Rs. 300 crores more though that expenditure was not necessary. So out of the capital added during the last five years this Rs. 300 crores was not necessary. The targets contemplated as regards traffic and other things were imaginary figures. They were never supported by facts and figures. This again has added to the cost because they have to pay interest to the general revenues. The capital expenditure has been made by the State and they have to pay interest on it, though they now say that the Convention Committee should be asked to reduce the rate of dividend payible, so that the general taxpayer will pay People who benefit by the railway would not pay, but the general public, the general taxpayer, would pay.

As I was saying, I come from a constituency where there is no railway line at all. This constituency has contributed to the Rs. 3200 crores for all these years. Even

[Shri Dattatraya Kunte]

now, as my hon. friend has suggested, if for the next 20 years there is going to be no railway in that area, if any suggestion is going to be made that the general taxpayer should pay for the railways even to the extent of meeting the interest charges – I am not talking of collecting the capital— I would say that would be doing injustice to these areas because we have had no railway development in those areas. Railway development in the country has been uneven. Even in the First, Second and Third Plans, all the priorities were not taken into constitution. If the priorities had been taken into account in the proper way and every area had got its railway, one could have understood and considered whether the capital expenditure should be reimbursed or not. But when there has been lopsided development, certain areas benefitting too much and other areas not benefitting at all, naturally this should not be the approach and so the Railway Board must correct itself on both sides.

There is another point. Though the Railway Minister has made certain concessions in the matter of third class passangers and as regards freight on foodgrains and milk, it appears as if it was a planned move to ask for more and to withdraw a little. Because otherwise the other increase that he is planning, for instance, freight for the fisrt 50 km. has been raised by as much as 40P, would be affected. Foodgrains might be exempted, milk might be exempted. Take the big cities and towns. Vegetables, fruits and other things come to Bombay, for instance, from an area of 50 km. If the freight is increased, it will mean that the cost will go up for all these necessities of life, and the increase is as steep as 40 per cent for the first 50 km Secondly, as a member who spoke before me mentioned, on the Chetak Express there is an air-conditioned bogey. I do not know whether, with the steep rise that he has planned, persons will be interested in travelling by the air-conditioned at all, as the table printed in certain newspapers shows that the air fares will be cheaper in some cases. Therefore, let him either withdraw air-conditioned coaches or reconsider this steep rise. This steep rise that he is planning, especially in the matter of freight, is going to affect the price line in all these citis and towns My hon. friend says that it is already happening. The working population there being organised, it will demand a higher wage, which will in turn raise the price of the goods that they produce. He blamed the rise in coal price, but as mentioned by an hon. Member this morning, the price was raised because the coalminers wanted it and the Government, in a way in collusion, agreed with it. Therefore, this is to be considered as to what is exactly being planned. Rather than going by the easy way of raising freights and fares, they must go in for economy and practice economy the hard way, see that they restrict their expenses, because one does find that the cost ratio is rising. One really does not know why it should-rise.

The other thing is that the return that they get on certain Railways is minus. This is a very bad condition, and the Railways before coming to this House and telling the people through this House that their finances are bad, must put their own house in order, and the earlier they do it the better. Therefore, I would like to oppose all these Demands.

श्री मु०अ० खां (कासगंज): सभापति महोदय, जिस वक्त रेलवे मंत्री महोदय ने रेलवे बजट इस सदन में पेश किया तो मेरे ख्याल में सदन के हर मेम्बर को बड़ी परेशानी हुई। मगर खैर, दिन का भूला शाम को घर आ जाए तो उसे भूला नहीं कह सकते। फिर कुछ सोच समझ कर और यह महसूस कर के कि वाकई गलती हो गई है मंत्री महोदय ने जो थर्ड क्लास के बढ़ाये हुए किराये को वापस लिया है उसके लिए मैं उनको बधाई देता हूँ। मगर मेरे ख्याल में उन्होंने इस बजट के और हिस्सों पर गौर नहीं किया जिसमें कामन मैन की जरूरियातें, जिन्दगी की चीजों पर किराये को बढ़ाया गया है, उससे कितना गरीब आदमी मुतास्सिर होगा, इन्सान की जिन्दगी की जरूरी चीजों की कीमतें कितनी बढ़ जाएंगी इस किराये को बढ़ाने से,

उस तरफ भी गौर करना था जो उन्होंने नहीं किया। मेरे ख्याल से उसके लिए उनकी कुछ मजबूरियां हैं और वह मजबूरियां क्या हैं? वह हैं रेलवे बोर्ड। रेलवे बोर्ड के मुताल्लिक बहुत कुछ कहा गया। मेरे ख्याल में कुछ टेक-निकल एक्सपर्ट्स और मुख्तलिफ चीजों मे महारत हासिल करने वालों की, ऐसे ऐडवाइजर्स की जरूरत है, इस बात में कोई दो रायें नहीं हैं। लेकिन यहां मैं यह भी बता देना जरूरी समझता हूँ और रेलवे बोर्ड को वार्न कर देना चाहता हूँ कि किसी भी कार्य को चलाने के सिलसिले में उनको अपने आपको बदलना पड़ेगा, सोचना पड़ेगा कि आज मुल्क की भावना क्या है और मुल्क क्या चाहता है, जनता क्या चाहती है? यह जो डिक्टेटरशिप वाला तरीका रेलवे, बोर्ड का है, यही लोगों को बहुत ज्यादा नापसद है जिसकी बजह से उनका क्रिटिसिज्म हर वक्त होता है। बजट बनाते वक्त यह बहुत आसान तरीका है, इसमें मेरे ख्याल से किसी एक्सपर्ट की जरूरत नहीं है कि उन्होंने एक तरफ खर्चा रखा, एक तरफ आमदनी रखी और खर्चे को मीट करने के लिए टैक्स बढ़ा दिया। यह तो कोई ले मैन भी कर सकता है। इसके लिए तो किसी माहिर की जरूरत है ही नहीं कि खर्चा ज्यादा है, आमदनी कम है, लिहाजा टैक्स लगा दो और उसको बराबर करके बजट लाकर सामने पेश कर दो, तो फिर इतने बड़े एडवाइजर्स की क्या जरूरत है। अगर यही करना है तो यह काम तो हम बे-पढ़े लिखे लोग भी कर सकते हैं। हम बाहर जाते हैं तो सुनते हैं कि रेलवे बजट आयेगा, जरूर किराया बढ़ेगा। एक रसम सी हो गई है, ट्रेडीशन हो गई है कि जब भी बजट आता है किसी न किसी रूप में किराये बढ़ते हैं, तो फिर इतने बड़े एक्सपर्टस की क्या जरूरत है?...

एक माननीय सदस्य : इसके लिए रेलवे बोर्ड की क्या जरूरत है?

श्री मु० अ० खां : अब अगर एक्सपर्टस की जरूरत है तो उनको यह देखना होगा कि इस अर्गेनिजेशन में कहां-कहां ऐसी कमियां हैं, जिनकी वजह से नुकसान हो रहा है या जिनको एडजस्ट करके हम उस नुकसान को पूरा कर सकते हैं। अगर ऐसी चीजें निकलें, तब यह महसूस होगा कि एक्सपर्टस की जरूरत है और हमें टैकनीकल एक्सपर्ट्स की सहूलियत लेनी चाहिये।

चेयरमैन साहब, इस बात में दो रायें नहीं है कि रेलवे में करप्शन बहुत ज्यादा बढ़ा हुआ है। मैं आपको यह भी बता दूं कि यह करप्शन थर्ड क्लास में इतना ज्यादा नहीं है जितना अपर क्लासेज में है। अपर-क्लासेज तो बनी ही करप्शन के लिए हैं। यह मैं आंखों देखी बातें कह रहा हूँ जो रोजमर्रा हमारी जिन्दगी में पेश होती हैं, लेकिन उन पर कोई तवज्जह नहीं दी जाती, फर्स्ट क्लास की रिजर्वेशन के बारे में सब जानते हैं, जिनकी कोई पहुंच होती है उनको रिजर्वेशन मिल जाता है। जो सीटें खाली रह जाती हैं, आप लाख कोशिश करें कि जैनुइन पैसेन्जर को मिल जाय, हरगिज नहीं मिलेंगी। गाजियाबाद में पैसा लेकर एलाट की जायंगी, दूसरों को किसी न किसी तरह टाल ही दिया जायेगा।

मैं एक मिसाल दूं—मैं लखनऊ से दिल्ली आ रहा था। कानपुर में उस डिब्बे का एटेन्डेन्ट एक थर्ड क्लास के और एक सैकेण्ड क्लास के पैसेन्जर को लेकर आया, उस कम्पार्टमेंट में मैं नीचेवाली बर्थ पर था, दो बर्थें उसमें खाली थीं। उसने उनसे थर्ड क्लास और फर्स्ट क्लास का डिफरेंस लेकर जेब में डाल लिया और उन को वहां सुला कर चला गया। मैं देखता रहा। उसके बाद मैं सोचता रहा कि शायद अगले स्टेशन पर उनको टिकट लाकर दे जायेगा, लेकिन वह नहीं आया। चेयरमैन साहब, कायदा यह है जिस पैसेन्जर को लोअर क्लास से अपर क्लास में जाना हो, उसे पहले गार्ड से सर्टिफिकेट हासिल करना जरूरी है, उसके बाद

[श्री मु० अ० खां]

टी० टी० ई० उसका टिकट बनायेगा, तब वह पैसेन्जर उस कम्पार्टमेन्ट में एन्टर कर सकता है। न इनके पास गार्ड का सर्टिफिकेट था और न टी० टी० ई० की रसीद, बस एटेन्डेन्ट पैसे लेकर चला गया। टूंडला तक मुझे नींद नहीं आई, सोचता रहा, आखिर टुंडला में जब मुझसे बरदाश्त नहीं हुआ तो मैंने एटेन्डेन्ट को बुलाया और पूछा कि यह क्या किस्सा है। पैसे लेकर तुम जेब में डाल कर चले गये, टिकट नहीं दिया और न टिकट बनवा कर लाये। उसने जवाब दिया कि टी० टी० ई० नहीं मिल रहा है, कण्डक्टर नहीं मिल रहा है। मैंने कहा कि तुमको क्या अथारिटी है, बिना रसीद और टिकट के तुम पैसे क्यों ले गये। जब उसने देखा कि एक मेम्बर पार्लियामेंट हुन्द मचा रहा है, तो वह कन्डक्टर को पकड़ कर ले आया और और बोला कि कन्डक्टर सो गया था। यह तरीके हैं—करप्शन के।

जिस तरह से आज रेलवे के पैसे का मिस-यूज हो रहा है और उसको रोकने के लिए कोई तरकीब नहीं बरती जा रही है, उसी का नतीजा है कि आज रेलवे की एफीशियेन्सी गिरती जा रही है। आज आप की कोई गाड़ी इन-टाइम नहीं चलती। रेलवे का जो टाइम टेबिल है, वह बिलकुल बोगस है, बेकार है। अगर रेले टालम-टेबिल के मुताबिक चलें तो आप अपनी जगह पर टाइम से न पहुंचे यह नामुमकिन है। मैं अपनी कांस्टीच्यूएन्सी से आता हूँ—मेरे यहाँ एक ट्रेन है—अपर-इण्डिया और दूसरी है—डीलक्स, जो एक दिन छोड़कर चलती है। मैंने पूछा अपर इण्डिया कितनी लेट है, मालूम हुआ 9 घण्टे। डीलक्स खितनी लेट है मालूम हुआ 3 घण्टे। नतीजा यह हुआ कि पार्लियामेन्ट नहीं मिल सकती। इसके अलावा और कोई ट्रेन नहीं है। सवाल यह है कि आपकी एफिशियेन्सी क्यों गिरती जा रही है? पैसा आप बढ़ाते जा रहे हैं, तो फिर आपको जनता की शिकायतों को भी देखना होगा। ये लोग सिवाय एअर-कन्डीशन में और सैलून में घूमने के जनता के आराम की कोई बात नहीं सोचते, उनके लिए बिलकुल नहीं सोचते हैं, जिनसे हम पैसा लेते हैं।

हमारे मंत्री महोदय इस बात को जानते हैं—जहां ब्राडगेज से मीटर गेज में और मीटर गेज से ब्राडगेज में ट्रांशिपमेन्ट होता है, वहां ब्राडगेज का माल उतार कर माल गोदाम में डाल दिया जाता है और उसी तरह से मीटर गेज का माल उतार कर माल गोदाम में डाल दिया जाता है। जब तक लाला 25 रु० जेब में डाल कर नहीं जायेगा, बाबूजी को पैसा नहीं देगा, उसका माल हरगिज नहीं लदेगा। हाथ-रस और कानपुर में ऐसा ही होता है। ये ऐसी बातें हैं जिनको मंत्री महोदय अच्छी तरह से जानते हैं, लेकिन रेलवे बोर्ड का जो मकड़ी का जाला है, वह तरह का है कि मंत्री महोदय भी इसमें कुछ नहीं कर सकते। वे यहां से कह कर जाते हैं, लेकिन रेल भवन में जाते ही जाले में ऐसा फंस जाते है कि कुछ कर ही नहीं सकते। इसलिए मेरी दरख्वास्त है कि अब वक्त आ गया है जब आपको इन सब चीजों को देखना पड़ेगा। जनता क्या चाहती है, मुल्क की मांग क्या है, अगर इस तरफ उन्होंने तवज्जह न दी तो फिर बाद में परेशानी हो सकती है और हमारे लिए तो परेशानी है ही।

एक और खास प्वाइन्ट की तरफ मैं आप की तवज्जह दिलाना चाहता हूँ। बजट पेश करते वक्त आपने जिक्र किया कि अन-इकानामिक लाइन्ज पर 7½ करोड़ रुपये का घाटा है। हमने सवाल किया था कि इस सिलसिले में जो कमेटी बनी थी, आप बड़े भारी टण्डीरे को साथ लिए हुए सब जगह घूमते फिरे, उसकी रिपोर्ट का क्या हुआ? जवाब मिला कि रिपोर्ट एक्जामिन हो रही है। कब तक एक्जामिन होती रहेगी? यह तो 7½ करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है, इसके मुताल्लिक ही वह

कमेटी बनाई गई थी कि ऐसी सूरतों पर गौर किया जाये, ताकि वे अनइकानामिक लाइन्ज इकानामिक बन सकें। मैं यह भी अर्ज करदूं कि हमारी रेलवे की अर्गेनिजेशन जहां एक विजनेस आर्गेनिजेशन है, वहां यह जनता की सहूलियत के लिए भी है। इस बात का ख्याल रखना जरूरी है कि जनता को सहूलियतें दी जा सकें। यह कह देना कि किराये बढ़ा दो या चूंकि साढ़े सात करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है, इस लिए इस लाइन को उखाड़ दो, यह तो बहुत आसान बात है। एक्सपर्टस की जरूरत हमें इस लिए है कि वे सोचें कि इन लाइनों को कायम रखते हुए कैसे इकानामिक बनाया जा सकता है। इसी काम के लिए इस कमेटी को बनाया गया था। इसी की जद में मैं भी आया हूँ और मेरे डिप्टी मिनिस्टर साहब भी आये हुए हैं, क्योंकि मेरी और उनकी दोनों की कांस्टीचूएन्सी का इससे ताल्लुक पड़ता है। उपमंत्री महोदय जब मेम्बर पार्लियामेंट थे, उस वक्त बड़ी कोशिश के बाद, प्रेजिडेन्ट साहब को भी वहां लेकर गये, बड़े बड़े आदमियों को लेकर गये और उसके बाद यह एटा से बरहन लाइन बनाई गई। जैसा मैं पहले कह चुका हूँ—एटा के दो पोशन्ज हैं। उपमंत्री महोदय इस बातको जानते हैं, क्योंकि वे उसी जिले के हैं। जिस पोर्शन से यह लाइन गुजरती है वह सबसे गरीब इलाका है, जहां सबसे कम पैदावार होती है और जो सबसे डवेलप्ड एरिया है, एटा-कासगंज तहसील, वहां उस वक्त इस लाइन को ले जाने की जरूरत नहीं समझी गई। मैं आपसे अर्ज करना चाहता हूँ कि आप इस लाइन को तब तक इकानामिक नहीं बना सकते जब तक इस लाइन को कासगंज से वाया अमापुर नहीं मिलायेंगे। ये दो स्टेशन्ज ऐसे हैं जो पूरी तहसील कासगंज और आधी तहसील गंजडुडवारा को कवर करते हैं। ये उस जिले के रिचेस्ट एरियाज हैं। कासगंज सबसे घनी आबादी का शहर है।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : कितनी मील लम्बी लाइन बनेगी।

श्री मु० अ० खां : यह 21 मील का टुकड़ा है। जैसा मैंने कहा आप कोई दूसरा आल्टरनेटिव नहीं ढूंढ सकते, सिवाय इसके कि अमापुर हो कर कासगंज को मिलाये। जब गिलाना है तो रिपोर्ट कब तक एग्जामिन होगी? सात करोड़ का नुकसान कब तक देते रहेंगे? और उस नुकसान को टैक्स लगाकर कब तक पूरा करते रहेंगे? आप क्यों नहीं थोड़ा बहुत रुपया लगाकर उसको एकोनामिक बना देते हैं ताकि बजाये नुकसान के आपको फायदा होने लगे?

सभापति जी, अमापुर-कासगंज एक सड़क है। मैं सोचता हूं कि मन्त्री जी कितने मजबूर हैं। वह उसको जाकर देख आये हैं। उस सड़क को बने हुए पाँच साल हो गये हैं लेकिन अमापुर बाई-पास में एक फाटक लगना अब भी बाकी है। वह सड़क टूटनी भी शुरू हो गई, कंकड़ उखड़ने भी लगे, चार साल से लिखा पढ़ी हो रही है लेकिन आज तक वह फाटक नहीं लग सका है। आप जानते हैं कि वहाँ पर कमी है, नुकसान हो रहा है लेकिन आप उसको पूरा नहीं कर सकते हैं। इससे बड़ी खराबी और क्या हो सकती है कि चार पाँच साल से एक फाटक लगाने की बात पर फाइल चल रही है लेकिन कोई पूछनेवाला नहीं है? जिस मक्सद के लिए वह सड़क बनाई गई थी वह मक्सद ही खत्म हो गया सिर्फ एक फाटक न लगने की वजह से।

एक बात और अर्ज करूंगा कि रेलवे और हिन्दुस्तान की सरकार का एक तरीका बन गया है कि शांति और आराम से अगर आप कोई बात कहें तो उसको ये नहीं सुनते जबतक कि वही जबान न इस्तेमाल की जाये जिसको समझना ये सीख गये हैं। आज रेलवे में एक ऐसी भी कैटेगरी है जिसके पास बहुत सी जिम्मेदारियाँ हैं और जिसकी जिन्दगी सबसे ज्यादा खतरे में रहती है

[श्री मु० अ० खां]

लेकिन उस कैटेग्री को मजदूरों के बराबर फैसिलिटीज और तनख्वाह मिलती है – वह कैटेग्री है स्टेशन मास्टर्स और असिस्टेन्ट स्टेशन मास्टर्स की। जो और कैटेग्री के लोग हैं उनमें किसी की ट्रेनिंग तो 21 दिन की होती है और ज्यादा से ज्यादा तीन महीने की होती है लेकिन इस गरीब की ट्रेनिंग 9 महीने की होती है। हिन्दुस्तान में मेन स्टेशन्स तो बहुत कम हैं इसलिए स्टेशन मास्टर्स को ज्यादातर रोड साइड में ही रहना पड़ता है। उनकी तरफ से कई मेमोरेंडम दिये जा चुके हैं और 9 दिसम्बर को शायद मंत्री महोदय ने एश्योरेंस भी दिया था कि तुम्हारी मुताल्लिक हम सोच विचार करेंगे। उन लोगों ने आल ओवर इंडिया रिले फास्ट किया और 20 दिसम्बर को दिल्ली में एक मीटिंग हुई, उसमें एक प्रपोजल पास हुआ जिसमें स्टेशन मास्टर्स और असिस्टेन्ट स्टेशन मास्टर्स ने कहा कि अगर रिले फास्ट के बाद भी गवर्नमेंट की आँखें नहीं खुली तो हम लोग पूरे देश में अपनी ड्यूटी छोड़ देंगे। मुझे भी उसमें बुलाया गया था, चूंकि मैं भी एक डिवीजन के एसोसियेशन का प्रेसीडेंट हूं। मैंने उन लोगों के हाथ जोड़े और कहा कि अगर आप लोग ड्यूटी से अलग हो जायेंगे तो उससे बहुत बड़ा नेशनल लास होगा। 9 दिसम्बर को मंत्री महोदय ने एश्योरेन्स दिया है, कुछ न कुछ सुनवाई होगी। लेकिन सभापति महोदय, यह सरकार समझदारी और खुशामद की जबान को समझने के लिए तैयार नहीं है। जब ऊधम होगा, पार्लमेंट के सामने ईंट पत्थर चलेंगे, रेल लाइनें उखाड़ी जायेंगी और डिब्बों को आग लगाई जायेगी तभी इस सरकार को होश आयेगा कि लोगों को कुछ तकलीफ है। स्टेशन मास्टर्स और असिस्टेन्ट स्टेशन मास्टरों का एक ऐसा वर्ग है जो कि रोड साइड में रहता है, इनके बच्चों के कत्ल किये गये हैं, इसके घर लूट लिये जाते हैं। टिकट चेकिंग, बुकिंग क्लर्क, गुड्स क्लर्क—ये सारी ड्यूटीज इनको करनी पड़ती हैं लेकिन आप उनको सिर्फ दो सौ रुपये की तनख्वाह दे रहे हैं। वे अपने बच्चों को पढ़ा भी नहीं सकते।

इसके अलावा एक बात मैं मन्त्री जी को नोट करवाना चाहता हूं कि सारे हिन्दुस्तान के स्टेशन मास्टर्स और असिस्टेन्ट स्टेशन मास्टर्स को दूसरी जगहों पर जो फैसिलिटीज मिली हुई हैं वह एन० ई० आर० के स्टेशन मास्टर और एसिस्टेन्ट स्टेशन मास्टर्स को नहीं मिली हुई हैं। उसके सिलसिले में डी. एस. को मेमोरेंडम भी दिया गया है लेकिन कोई सुननेवाला नहीं है। चार्टर्ड डिमान्ड गवर्नमेंट को दी जा चुकी है लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं होती है। मैं चाहता हूं कि इस वर्ग की तकलीफों पर गौर करने के लिए एक कमीशन मुकर्रर किया जाये।

श्री शिव नारायण (बस्ती) : सभापति महोदय, सदन में कोरम नहीं है।

सभापति महोदय : घंटी बजाई जा रही है·····अब कोरम हो गया है। श्री बिड़ला।

SHRI R. K. BIRLA (Jhunjhunu) : Mr. Chairman, before I start speaking on the railway budget, I would like to make a humble submission. I think the watches here are not working all right, because you just now asked one hon. Member to speak for five minutes and I have been carefully looking at my watch. I find that five minutes according to this watch is equal to 15 minutes. Therefore, keeping this in view, I hope I will also be given five minutes by that watch which will be equal to 15 minutes.

After the resignation of Shri Parimal Ghosh and Dr. Ram Subhash Singh, the Railway Ministry was just like an orphan child. It was adopted temporarily by Shri Govinda Menon. Unfortunately, he fell ill. It has now been finally adopted by an experienced person like Shri Gulzarilal Nanda. Let us hope the condition of this orphan child will improve.

Here I am reminded of cartoon which appeared in some newspapers in 1966 when Shri S. K. Patil was the Railway Minister. According to the cartoon Shri Patil was standing at the railway platform of a station and a train was just coming in. He had a whistle in his mouth and red and green flags in his hand as every guard will have Shri Morarji enters the station in a hurry to get into an ACC. Shri Patil advises him that there is no berth vacant in the ACC, that he may enter some other compartment and change later on. As we all know very well, the advice of Shri Patil was not taken very seriously by Shri Morarji Desai and till now he has not been able to get into the ACC compartment, I mean, the Prime Ministership of India.

Anyway, I feel very happy that an experienced person like Shri Nanda decided to take that advice. He knew very well that if he does not accept the advice of the Prime Minister he might be left behind at the station and the train will go. Even though he was the acting Prime Minister twice, still he accepted the portfolio of the Railway Ministry. I am very happy that he accepted that advice in good spirit.

Shri Nanda should not take this Ministry as a small Ministry. It is a very important Ministry. That is why it is coming to the House with its own budget proposals. I would suggest that he should turn his attention to set this Ministry right. The economic and industrial growth of the country depends upon the satisfactory and sound working of the railways. If the cereals are not moved in time, if the cloth for the people is not moved in time, if the consumer goods meant for the common people do not reach the destination at the proper time it will add to the miseries of the people.

I feel happy that Shri Nanda has taken the right decision of revising his Budget proposals as regards the third-class and the suburban fares and freight on milk products and cereals. My humble suggestion to him is that he should have the same type of consideration about the resolution in freight charges of basic raw materials which are needed for various industries meant for meeting day-to-day requirements of the common man and also of industries which are exclusively engaged in export, border roads and defence production.

17 hrs.

Everyone of us feels happy when the working of the railway is improved. It requires radical changes. There is no doubt about it. How is it possible? My knowledge is that up till now there has been no harmony whatsoever between the Railway Board and the ministers concerned. Anyway, the old ministers have gone and the old Chairman of the Railway Board has already retired. The new Chairman, Shri B. C. Ganguli—I have not met him up till now—I understand, is a very active, efficient and energetic man. I hope he, with the rich experience of Shri Gulzarilal Nanda, will certainly be able to prove what has so far not been proved as far as the good working of the railways is concerned.

I have a few suggestions to make and I think, if the Chairman, Shri Ganguli, keeps these suggestions in mind, the working of the railways is definitely going to be improved. My first suggestion is that there should be less centralisation of work at the Railway Board. I know definitely that everything is being done by the Railway Board. Even if a wagon is to be given to somebody at some station in any part of the country, instructions go from here. What are the general managers, the deputy general managers and the commercial managers doing? I do not blame them. They should be given full freedom to work independently. The duty of the Railway Board is only to give the guidelines to the managers.

My second suggestion is that with the increased generation of electricity due to functioning of more hydel power stations and atomic energy stations, more electric locomotives should be put into commission. I am sure that this will be cheaper and economical and there will be greater and more output.

My third suggestion is that diesel locomotives should be introduced particularly in Gujarat and Rajasthan because I know

very well that diesel will prove to be much cheaper there than coal which comes from Bengal and Bihar, thousand miles away from these places.

I would like to give one piece of advice to my hon. colleagues sitting in this Parliament. We people who are Lok Sabha Members should not try to interfere in the day-to-day business of the railways. I know about it—there is no doubt about it—that we people go to the Railway Board Chairman or to the Deputy Chairman just to press upon him that this is not done and that is not done. We should go there only when we know that there is a clearcut case of victimisation and the man is actually suffering.....(*Interruption*).

श्री रवि राय (पुरी) : अधिकारियों का चेहरा भी हम लोगों ने नहीं देखा ।

SHRI SONAVANE (Pandharpur) : Industrialists go more often than Members of Parliament.

SHRI J. H. PATEL (Shimoga) : He is speaking from his experience.

SHRI R. K. BIRLA : My hon. friend says that he does not know where the Railway Board exists. He does not know anything and, therefore, he cannot take care of his own constituency.

I would like to refer here to the Wanchoo Committee's suggestion I think, we are bound by that suggestion. It says that a statement should be laid on the Table of the House just to show how many times Members have approached the authorities in this connection.

Regarding thefts, the less said the better. Thefts are on the increase particularly in the open wagons when commodities like salt, iron and such things are moved. I will give you one example. From my own constituency which is Nawalgarh in the Western Railway in the metre gauge my uncle sent a tin of ghee duly packed with sacking and wooden crate to his son at Bombay.

AN HON. MEMBER : What is his name ?

SHRI R. K. BIRLA : Mr. Balabaksh Birla sent a tin of ghee to Mr. Bajranglal Birla. It is a fact. I have got the parcel way bill also. What has happened ? When it arrived at the destination, it looked as if it was in original condition and not tampered with. But when it was opened, it was all mud and stones. I would request that the Government should be very particular. Thefts worth millions of rupees take place every year in this country.

I will tell you something very important. At Khetri the Government of India has already established a public undertaking for producing fertilisers and copper. It is called Khetri Mining Project. I think the capital is over Rs. 100 crores. I have drawn the attention of the hon. Minister and the authorities in the Railway Board. What has happened to the siding at that place ? All they say is that they are taking action. I think this project is going to be a failure unless and until a railway siding is established there. Otherwise, I do not know how they are going to bring in the raw material and how they are going to load the finished goods to the various destinations This is my advice. It is a right advice. If it is not heeded the public undertaking is going to be a failure. I got a letter from Mr. Ganguly a few days ago. He says that the Government is thinking of connecting this project with Dabla which is about 35 miles from the site. The mines are at Singhana and I know it that the Railway Board had taken a decision earlier that this would be connected from Chirawa which is only 12 miles from Singhana. I do not know why the Government is going to lay a railway line for 25 miles when the same purpose could be served by laying a railway line for 12 miles. Besides, the terrain is hilly from Dabla to Singhana while the terrain from Chirawa is very good as regards its levels are concerned. Further, most of the people living there, nearly 50% of the population there, have joined the Defence Forces. Therefore, it is very very essential and in the interests of the railway Ministry that they should not spend more money by connecting the site

from Dabla to Singhana. As I suggested, it should be done from Chirawa to Singhana.

Before I close, my hon. friend, Shri Mandal, said the other day about Pilani being connected with the railway. I am sure, if an opinion poll is taken, it will be the unanimous opinion of my friends, whether they belong to Communist Party or Socialist Party or Independents or Congress (Organization) that Pilani should be connected with the railways because it imparts education to about 7000 students coming from all parts of the country-South, West, East and North. Therefore, my appeal to the Minister is that Pilani should be connected to the railways and I think if the opinion of the House is taken it will be the unanimous opinion that it should be done.

Before I conclude, I would like to say that railways are our national property, people who damage the railway property, who destroy the wagons, who destroy the stations, I think, are doing something wrong. Therefore it is our duty .. (*Interruptions*) My friend is trying to tell me something. Has he ever spoken a word in his speeches at Chowpatty at Bombay to his constituents, 'For Heaven's sake, dont destory the railways' ?

श्री जार्ज फरनेंडीज (बम्बई दक्षिण) : जरूर कहा है और साथ ही यह भी कहा है कि 650 करोड़ के टैक्स की जो चोरी करते हैं, वह भी बन्द हो। दोनों बातें कही हैं।

SHRI R. H. BIRLA : I suggest that all of us should make it a point to tell our constituents when we tour our contituencies, 'For heaven's sake don't destroy Public property'. What has happened in Telengana, what has happened in Haryana, is something which we should all condemn. if we do not take care of our own railways, what will happen to us ?

Thank you, Sir.

DR. P. MANDAL (Vishnupur) : I corgrattilate Shri Nandaji our Railway Minister. The public at large Hoped to get great relief from the hon. Railway Minister. The people of West Bengal congratulated Shri Nanda and Shri Sanjivayya, veteran labour leaders and they hoped that they will be implementing the socialist programmes. But I am perturbed when Shri Nandaji placed the Railway Budget for 1970-71 with heavy burden on the common people. The people hoped that he will implement the socialistic programmes. They expected that the Railway programmes will improve on socialistic lines. I would like to quote some of the press remarks. It is said :

> "We are surprised and disheartened to see the Railway Budget. There has been proposal for increment of freight charges and passenger fare including the III Class passengers. We expected a socialistic string in the Ist Railway budget presented in Parliament by Shri Gulzarilal Nanda who is famous for his socialistic outlook but he has been misguided and misled by the high officials of the Railway Board and hence the taxation on all people irrespective of any socialistic consideration."

And then it is stated :

> "People will not spare him for his unsocialistic action."

Sir, I thank the hon. Minister that he has brought down the charges for the third class and the freight charges. But what is the background of the increased fares, Sir ?

In his Budget speech the Railway Minister has stated that 98½ per cent travel in the third class and 1½ per cent travel in the upper classes. There is a suggestion that there is no other alternative but to increase. the fares for the third class to get finances for the railway ministry. Sir, the Budget Estimate of Rs. 273 crores will be exceeded by Rs. 9.25 crores by passenger income. The background is such that there will be some increase of passenger fares. But they are not thinking of how the third class passengers are travelling in overcrowded trains and even standing for the whole travel.

[Dr. P. Mandal]

Sir, the Minister has withdrawn the increased freight rates for foodstuff, pulses and milk. The freight rate has increased in all other concerned articles. After all, the increased charges will be realised from the common people on consumer goods So in every respect heavy burden will be borne by the common people.

There is one thing not spoken by anybody else. This is regarding permission from the guards to valid platform ticket holders. The guards issue certificates for permission to valid platform ticket holders from which railway station platform tickets are available. But they may issue certificate for permission to the passengers without platfrom tickets from which railway station platfrom tickets are not available.

The rigididity of the rules particulrly in regard to platform tickets should be relaxed for such railway stations where there is no separate counter for sale of such tickets. There are finger-court railways stations like Delhi, Bombay, Madras and Howrah where there are separate counters for platform tickets throughout the 24 hours. For such stations, the rigidity of the rule in regard to platform tickets for the issue of guard's certificate for permission is reasonably applicable. For all other railway stations where platform tickets are not available from separate counters for 24 hours, the rigidity of platform tickets for the issue of guard's certificate for permission should be relaxed. Otherwise, it will bring undue hardship to intending and innocent passengers. The counter for selling of tickets is closed 5 minutes before the arrival of the train. Platform tickets are also sold from the same counter. So if platform tickets are available then tickets are also available. So are also genuine and innocent passengers will feel great difficulty when they reach the railway station for important and essential work just after the arrival of the train. There are also reports of clashes on this issue. Considering all these aspects, the necessary revised order may kindly be issued immediately for public benefit.

Now I would request the Minister to look into the question of the appointment of scheduled castes and scheduled tribes candidates to fill the quota reserved for them in railway appointments in catagory-wise Though there is a Home Ministry circular on the question of the reservation quota in promotions, it is not followed. So there is a shortfall in the appointments in the railways category-wise. If the quota is to be filled, then the members of these communities should be provided in the Railway Public Service Commission and in the Departmental Promotion Committee. Otherwise, these vancancies reserved for them will remain unfilled.

Now I want to bring to the notice of the Railway Minister a point concerning my district. My district of Bankura is very backward. When I was travelling in the Kalka Mail, I asked a Chief Engineer of P.W.D of West Bengal who was with me as to why all the chimneys are burning on the northern side of the Damodar river. As you know, the Damodar divides Bankura and Burdwan. The Damodar river itself is in the Bankura district. The Chief Engineer replied that it is because there is road and railway lines on the northern side whereas there are no such facilities available on the other side.

I would ask the Minister to give some facilities by way of a new line, the Bishnupur-Satragachhi line, which is only 70 miles. Then the B.D R. Railway should be taken up. It is narrow gauge. If it is connected with Tarkesar, it will be a boon to the public. It may be connected with Burdwan. If there is a bridge on the Damodar river at Sadarghat for rail and road, it would help. The existing line Bishnupur to Howrah via Kharagpur is 120 miles. If it is connected with Tarkesar which is only 50 miles, 70 miles will be saved.

I thank you for the opportunity given to me.

श्री जार्ज फरनेंडीज (बम्बई दक्षिण) : दूसरे लोगों ने चाहे जो आशाएं और अपेक्षाएं इस सरकार से की हों लेकिन मैंने तो किसी

भले काम की आशा इस सरकार से कभी नहीं रखी है। इस वास्ते जब रेलवे का नया बजट नन्दा जी ने पेश किया तो मेरी कोई अपेक्षा भंग नहीं हुई। जिन लोगों ने बहुत आशायें इस सरकार से रखी थीं उन्हें इस बजट को देख कर परेशान होना पड़ा। लोगों ने इस सरकार से नई रोशनी और नई दिशा के बारे में कुछ गलत ख्वाब देखे थे। यह विचार रखनेवाले सभी लोगों को मैं इस सरकार का समर्थन करने वाले एक अखबार, **मेनस्ट्रीम**, में से एक ही वाक्य पढ़ कर सुनाना चाहता हूं :

> "If the Railway Budget is any indication, the economic direction of the Indira Gandhi Government of today is hardly different from that of the Indira Gandhi Government of yesterday when Shri Morarji Desai was a decisive figure in it."

SHRI SONAVANE : What is the date of this comment ?

श्री जार्ज फरनंडीज : 28 फरवरी।

सरकार ने तीसरे दर्जे के किराये में जो कुछ बढ़ोतरी की थी, उसने उसको जरूर वापस लिया है। इसके साथ ही अनाज पर जो फ्रेट रेट बढ़ाया था, उसको भी वापिस ले लिया गया है। लेकिन मैं इस बजट के सिलसिले में नन्दा जी से दो प्रश्नों का उत्तर बिल्कुल ठोस और स्पष्ट रूप से चाहूंगा।

पहला प्रश्न यह है कि क्या उनके इस बजट से हिन्दुस्तान से सामान्य नागरिक का जीवन और अधिक परेशानी का होगा या ज्यादा आसानी का होगा। दूसरा प्रश्न यह है कि क्या उनके इस बजट से रेलवे में प्रवास करने वाले गरीब इन्सान को कोई नई राहत और कोई नई सुविधा मिलेगी।

एक तीसरा प्रश्न मैं विशेष रूप से श्री गुलजारीलाल नन्दा से पूछना चाहूंगा, उनके रेलवे मंत्री होने के नाते नहीं, और वह यह कि क्या इस बजट से, या इस नई दिशा से, अठारह लाख रेल कर्मचारियों के जीवन में, उनके भविष्य में, उनकी इज्जत और स्टेटस में कोई भी परिवर्तन या फर्क होने वाला है।

मेरी धारणा है कि इन तीनों प्रश्नों का उत्तर अगर श्री नन्दा ईमानदारी से देंगे—और मैं जानता हूं कि उनमें ऐसा करने की कुव्वत है—तो उनका उत्तर होगा : नहीं।

किरायों और भाड़ों में जो वृद्धि की गई है, थर्ड क्लास के किराये और अनाज के भाड़े में वृद्धि को वापिस लिये जाने के बाद भी उससे सरकार को अगले साल 26 लाख रुपया मिलने वाला है। जैसा कि माननीय सदस्य श्री कुन्टे ने कहा है, शहरों में आने वाली तमाम खाने-पीने की चीजों, सब्जी, दूध, अंडे, सिग्रेट, बीड़ो आदि पर फ्रेट रेट बढ़ाने का परिणाम यह होगा कि साधारण आदमी का जीवन ज्यादा मंहगा हो जायेगा। अगर श्री नन्दा यह समझते हैं कि अनाज के भाड़े में वृद्धि को हटा कर यह बोझ कुछ कम हो जायेगा, तो उनकी यह उम्मीद बिल्कुल गलत है।

श्री नन्दा ने अपने भाषण में यह तर्क दिया है कि खर्चा बढ़ रहा है और इसलिए रुपये की जरूरत है। मैं रेलवे की पूरी आर्थिक व्यवस्था पर बहस नहीं कर सकता हूं, क्योंकि आज समय का अभाव है। श्री पुनाचा से लेकर कई माननीय सदस्यों ने इस पर रोशनी डाली है। जब लोग सरकार में रहते हैं, यदि वे उस समय अपनी राय ईमानदारी से रखने की हिम्मत रखें, तो अच्छा हो। सरकार से बाहर आने के बाद ईमानदारी से अपनी राय देना आसान होता है। अगर सरकार में रहते हुए लड़ाई की जाये, तो अच्छा हो।

इस समय मैं इतना जरूर कहना चाहूंगा कि श्री नन्दा का सारा मंत्रालय उन्हीं पुराने

[श्री जार्ज फरनेन्डीज]

नौकरशाहों द्वारा चलाया जा रहा है और यह बजट भी उन्हीं पुराने नौकरशाहों द्वारा नौकरशाही दिमाग और विचारों के अनुसार बनाया गया है।

मंत्री महोदय कहते है कि रुपये की कमी है। मैं उन के सामने रिपोर्ट बाई दि रेलवे बोर्ड आन इंडियन रेलवेज, 1968-69 में से एक ही बात की ओर उन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। 1967-68 में रेलवे का इस्तेमाल करने वाले पैसेंजर्ज की संख्या 227,59,00,000 थी, लेकिन 1968-69 में वह संख्या 227 करोड़ से घट कर 223 करोड़ पर आ गई, अर्थात् एक बरस में 4 करोड़ मुसाफिर कम हो गये। हिन्दुस्तान की आबादी बढ़ गई, लेकिन रेलवे पर प्रवास करने वालों की संख्या घट गई! मैं चाहूंगा कि श्री नन्दा इस प्रश्न का जवाब दें कि यह संख्या क्यों घट गई। वह हमें नौकरशाहों का उत्तर न दें, जो कहेंगे कि डिप्रेशन आया है—पता नहीं, वे क्या-क्या कह सकते हैं। क्या वह संख्या घटने का कारण यह है कि बिना टिकट यात्रा करने वालों की संख्या 4 करोड़ बढ़ गई है? यात्रियों की संख्या पिछले साल की तुलना में 4 करोड़ बढ़नी चाहिए थी, जैसे कि वह हर साल बढ़ती है, लेकिन बढ़ने के बजाये वह एक साल में 4 करोड़ घट क्यों गई? क्या बिना टिकट यात्रा करने वालों की तादाद 8 करोड़ तक पहुंच गई है? या क्या लोग रेलवे के कार्य से इतने निराश हो गये हैं कि उन्होंने रेलवे में यात्रा करना छोड़ कर बस, टैक्सी या बैलगाड़ी आदि के द्वारा, या किसी तरह भी यात्रा करना शुरू कर दिया है? श्री नन्दा विशेष रूप से यह भी बतायें कि क्या रेलवे यात्रियों की संख्या में कमी का कारण यह तो नहीं है कि देश में गरीबी इतनी बढ़ गई है कि लोग रेलवे में यात्रा करने में भी तकलीफ महसूस करने लगे हैं। अगर इन प्रश्नों का उत्तर ईमानदारी से दिया जाये, तो मंत्री महोदय दस बीस करोड़ रुपये के जिस घाटे का जिक्र कर रहे हैं, उस के सही कारणों का पता चल सकता है।

मुझ से पहले बोलने वाले वक्ताओं ने बताया है कि रेलवे में किन-किन मामलों को ले कर पैसा बर्बाद होता है। इस बारे में सैलून्ज और कई दूसरी बातों का जिक्र किया गया है। पिछले साल की इस रिपोर्ट में बताया गया है कि "क्लेम्ज पेड आन एकाउन्ट आफ पार्सल्ज डैमेज्ड आर लास्ट" के कारण, अर्थात् चोरी से या और किसी कारण से पार्सलों के गायब हो जाने के कारण, रेलवे को 10 करोड़ रुपये देने पड़े। दस करोड़ रुपया बहुत पैसा है। आज सुबह ही श्री के० के० शाह ने बताया कि एक करोड़ रुपये से पांच हजार मकान बनाये जा सकते हैं, जिसका मतलब है कि दस करोड़ रुपये से पचास हजार मकान बनाए जा सकते हैं और अगर रिवाल्विंग फंड की व्यवस्था की जाये, तो रेलवे कर्मचारियों और अन्य बेघर लोगों के लिए न जाने कितने मकान बनाए जा सकते हैं।

रेलवे के आफिसर्ज, रेलवे बोर्ड के अफसर, इतने झूठे लोग हैं कि वे इस रिपोर्ट की मार्फत इस सदन को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। इस रिपोर्ट के पेज 126 पर कहा गया है: "परसेंटेज आफ सम पेड इन कम्पेन्सेशन टु ग्रास अरर्निंग्ज—1.47"। यह तो गुमराह करने का तरीका है। रेलवे बोर्ड का कहना है कि पूरे साल में रेलवे की जो आमदनी रही, उसका 1.47 परसेंट कम्पेन्सेशन के रूप में दिया गया। लेकिन इस आमदनी में सिर्फ रेलवे की गुडज से प्राप्त आमदनी नहीं रखी गई है, बल्कि पैसेंजर्ज से, दूसरे ढंग से, ब्याज से, सब तरह से, रेलवे के पास जो पैसा

आया, उस तमाम पैसे में से कितना कम्पेन्सेशन के रूप में देना पड़ा, रेलवे बोर्ड की तरफ से यह हिसाब हमारे सामने रखा गया है।

सिर्फ फ्रेट की कमाई में से रेलवे को कम्पेन्सेशन के रूप में दस करोड़ रुपया देना पड़ रहा है। इस का अर्थ यह है कि 2 प्रतिशत से भी ज्यादा रकम रेवेन्यू में से निकल जाती है। आखिर 2 प्रतिशत एक बड़ी रकम है, जिस का मतलब यह है कि हर पचास रुपये की कमाई में से एक रुपया अनाधिकृत ढंग से निकल जाता है, चोरी के खाते में डाल दिया जाता है। यह मामला बहुत गम्भीर है। इस से प्रकट होता है कि गुडज और क्लेम्ज के मामले में इतने बड़े पैमाने पर चोरी होती है।

दूसरी गुमराह करने वाली बात है क्लेम्ज के सेटलमेंट के बारे में।

यह लोग कहते हैं कि

> Average time taken in settlement of claims shown against claims 1,2,3 etc. : 38.2 days. Average time taken in settlement of claims shown against item 8 : 30. 83 days.

अध्यक्ष महोदय, इस से बड़ी झूठी बात और नहीं हो सकती है यह आप समझ सकते हैं अगर रेलवे क्लेम्स के बारे में कुछ जानकारी आप रखते होंगे। मुझे एक चिट्ठी आज ही आज घर से निकलते निकलते मिली है। यह है कोई आर० पी० जोशी रेलवे क्लेम्स एजेंट मैं इन को जानता नहीं, पहली बार इन की चिट्ठी यह आई है :

R.P. Joshi, Railway Claims Agent.

"Dear Sir,

> Claims Department of Central Railway—Maladministration.
>
> Claim notice given on behalf of the claimants through advocate, are delivered in the office of the Chief Commercial Superintendent (Claims Branch), Central Railway, New Administrative Building, D. N. Road, Bombay-1, by *hand delivery*. The claim notices are not even acknowledged fro months rogether.

दूसरा वाक्य देखिए :

> Claims arising on account of damage caused to perishable traffic due to delay in delivery, are invariably repudiated arbitrarily on stereotyped printed forms without obtaining transit details and without investigating the causes of delay. If the Railway Administration is requested to disclose transit details, no reply is given although repeated references are made including demiofficial letters.

और अंत में वह लिखते हैं :

> "Majority of claims are settled according to the so-called *settling rate*, decided by the Claims Branch, which has not been revised since 1956."

मैं चाहूंगा कि नन्दा जी इस की जांच करें। एक और हमारे मित्र हैं, वह भी रेलवे क्लेम्स एजेंट हैं, बहुत गरीब व्यक्ति हैं। पिछले तीन साल से जब से मैं इस सदन में आया हर महीने उनकी चिट्ठी आती है, उनकी यह शिकायत है कि वर्षों से हम लोगों के क्लेम्स को पूरा नहीं करते हैं और यहां इस तरह से झूठे तरीके से सदन को गुमराह करने का तरीका चलता है।

तो इस तरह से जो रुपये की बरबादी होती है अगर इस रुपये की बरबादी को रोकने वाली बात हो तो मैं समझता हूं कि लोगों के पास जा कर और ज्यादा फ्रेट लगा कर उन की परेशानी बढ़ाने का काम न करना पड़े और मैं ने जो पहले प्रश्न आप के सामने रखा उस का जो नहीं कर के उत्तर देना पड़ता है वह आप को न करना पड़े।

[श्री जार्ज फरनेन्डीज]

दूसरे, जहां तक मुसाफिरों का मामला है क्या एमेनिटीज आप दे रहे हैं ? इस सदन में भी, मैं तो कभी कभी हैरान हो जाता हूं, जब कहा जाता है राजधानी एक्सप्रेस चाहिए। मैं पूछता हूं किस गरीब के लिए राजधानी एक्सप्रेस चलती है ? मुझे कभी कभी हैरानी हो जाती है, जब यह मांग की जाती है कि बम्बई से यहां तक राजधानी एक्सप्रेस चलाओ, लेकिन किस के लिए ? बम्बई के किसी गरीब के लिए या दिल्ली के किसी गरीब के लिए ? बम्बई दिल्ली लाइन पर कोई भी थर्ड क्लास पैसेंजर जो गरीबी में लाचारी में चलने वाला है उस के लिए ? कौन जाता है इन राजधानी एक्सप्रेसों में ? इसलिए खत्स करो इन बातों को। हम लोगों का भी दिमाग कुछ बिगड़ा हुआ है। साधारण मुसाफिर जो हैं उन की कोई परवाह नहीं होती है। और मुझे तो कहना पड़ा कि जब रेलवे के फर्स्ट क्लास के फेयर्स बढ़ते हैं तो एस पीज का फायदा होता है, दुनिया में और किसी का फायदा नहीं होता है हम लोगों का फायदा होता है क्यों कि मुफ्त में पास और इस के ऊपर फर्स्ट क्लास का एक और थर्ड क्लास का किराया मिलता है। तो हम लोगों का फायदा है, दुनियां में और किसी का फायदा नहीं है। सदन के सदस्यों का फायदा जरूर हो जाता है। हर साल लाख लाख रुपये के फायदे होते हैं। सौ दो सौ या तीन सौ चार सौ का फायदा एक एक को हो जायगा। इसलिए हम लोगों का भी जो दृष्टिकोण है वह बहुत बिगड़ा हुआ है इस मामले में, सड़ा हुआ है कुछ हद तक। मैं नन्दा जी से पूछना चाहूंगा कि नन्दा जी, इस नई रोशनी में, इस नई दिशा में, बम्बई से निकली हुई नई हवा में साधारण आदमी के लिए कोई भी नई सुविधा, कोई भी एक नई चीज आप ने दी है कि अब रेलवे में तुम्हारे लिए बत्ती मिलेगी, पानी मिलेगा, पंखा रहेगा या और चीजों को छोड़ दीजिए, बैठने के लिए जगह मिलेगी ? खिड़की से अन्दर जाना नहीं पड़ेगा, दरवाजे से जा सकोगे ? इतना भी आप कहिएगा कि अब किसी भी मुसाफिर की यह शिकायत न रहेगी कि उसे खिड़की से घुसना पड़ा, अब उसे दरवाजे से जाने में कोई परेशानी नहीं होगी ? लेकिन अध्यक्ष महोदय, यह समस्या है और इस के ऊपर मंत्री महोदय के बजट में उन के भाषण में, उन के सारे सोचने में कोई तो मुझे ऐसी चीज दिखाई नहीं देती है। मैं तो यहां तक कहूंगा, बम्बई से मैं आता हूं। एक अरसे से बम्बई की सबर्बन गाड़ियों को लेकर आपके मंत्रालय के पास शिकायतें आ रही हैं। वह जो महिलाओं के लिए डिब्बे रहते हैं वह तो पिंजड़े हैं, एक दरवाजे से आओ, एक दरवाजे से जाओ। तो उनके लिए कम से कम दो दरवाजे वाले डिब्बे तो लगवा दीजिए। पता नहीं कितनी आप के मंत्रालय के पास उन लोगों की, औरतों की, बम्बई के मुसाफिर एसोशिएशन की औरतों की चिट्ठियां आ गई लेकिन अभी तक एक ही दरवाजा उन महिलाओं के लिए, दफतरों में जाने वाली कारखानों में जाने वाली महिलाओं के लिए उन डिब्बों में है। उन की ऐसी ही अवस्था है। और बम्बई के सबर्बन पैसेंजर्स की हालत तो हम जानते हैं नन्दा जी। मेरी तो आप से प्रार्थना है कि बजट तो आप का मंजूर हो ही जायगा, क्योंकि आपका समर्थन करने वाले बहुत से दूसरे लोग हैं, हम तो आप का विरोध जरूर करेंगे, लेकिन यह पास हो जाने के बाद आप मेरे साथ बम्बई चलिए थर्ड क्लास में और बम्बई में चल कर सबर्बन गाड़ी में एक दिन सुबह शाम हम लोग चक्कर लगाएं.....

श्री नन्दा : आप सपोर्ट करें, मैं चलूंगा।

श्री जार्ज फरनेन्डीज : हम दोनों चलें और चक्कर मारें, कोई दिखाने के लिए नहीं बल्कि इसलिए कि हम लोगों को पता लगे कि क्या हालत है...

(रेलवे मंत्री श्री नन्दा) : आप बड़े आदमी हैं, इसलिए मैं अकेले ही चलूंगा ।

श्री जार्ज फरनेन्डीज : नहीं नहीं, आप हमारे साथ चलिए ।

श्री नन्दा : अच्छी बात है ।

श्री जार्ज फरनेन्डीज : हम दोनों साथ चलें मैं यह बात जानबूझ कर कह रहा हूँ क्योंकि कल के **टाइम्स आफ इंडिया** में मैंने एक लेख पढ़ा एक नौकरशाह का । एक दूसरे नौकरशाह के बारे में वह लिख रहे हैं जो बाद में पालिटिशियन बन गए थे, उस तरफ बैठे कुछ दिन के लिए बाद में मर गए । उनके लिये वह यह कह रहे हैं जब हमारे यह मित्र अपने चुनाव क्षेत्र में प्रचार करने के लिए गए 1967 के चुनाव में वह बम्बई से चुन कर आये थे, बाद में उनकी बहन वहां से चुन कर आई, तो पहली बार उनके सामने हिन्दुस्तान की गरीबी क्या है, झोंपड़ियों की हालत क्या है, पानी की समस्या क्या है, पहली बार इसकी तस्वीर उनके सामने खड़ी हो गई । तो ऐसे बहुत से लोग इन्सुलेट हुए हैं । गरीबी क्या है, थर्ड क्लास की मुसाफिरी क्या है, पानी बिना रहना क्या है, मकान बिना रहना क्या है, इसका पता इनको नहीं होता । घोषणा देना आसान है—गरीबी हटाओ, बेकारी हटाओ लेकिन उसको समझना चाहिए और मैं चाहूँगा कि अगर कहीं उस जीवन में हम लोग फंस जायं तब उसकी रोशनी हम लोगों को कुछ ज्यादा मिलेगी और उसके लिए मैं चाहूँगा कि हम लोग इस काम को करें ।

एक आखीरी जुमला कर्मचारियों के बारे में कह कर मैं समाप्त करता हूँ । मुझे मालूम है कि मेरा समय नहीं है लेकिन आप बहुत उदार दिल के आदमी हैं, इसलिये दो मिनट दीजिए ।

मंत्री महोदय ने अपने भाषण में कर्मचारियों के बारे में कहा है कि हम लोगों के रिश्ते बहुत अच्छे रहे । अब रहे या नहीं रहे, इसमें मैं इस समय नहीं जाता हूँ, नन्दा जी ज्यादा जानते हैं उस चीज को, लेकिन एक बड़ी बात कही कि :

> The steady increase in the number of staff from year to year has been reduced and controlled with difficulty in the last few years and efforts will continue to keep the number of staff down to what is absolutely necessary.

अब अध्यक्ष महोदय, यह बात सही है कि कर्मचारियों की संख्या घट गई लेकिन नन्दा जी, अफसरों की संख्या क्यों बढ़ गई ? कर्मचारियों की संख्या जहां घट जाती है वहां आपके अफसरों की संख्या कैसे बढ़ जाती है । यह चीज मुझे कुछ समझ में नहीं आती है । इन्होंने जो आंकड़े वाली रपट दी है उसी में से मैं आपको पढ़कर बता दूं

श्री नन्दा : मैडिकल परसौनेल के कारण...

श्री जार्ज फरनेन्डीज : नहीं नहीं, मैडिकल परसोनेल पिछले साल था । पिछले साल मैंने पूछा था तब वह बोले कि मैडिकल परसोनेल बढ़ा है । अब की बार मैडिकल परसोनेल नहीं है । यह ऊपर वालों का भाई भतीजा-वाद है । ऊपर वालों का कोई भाई भतीजा हुआ, उन्होंने देखा नवजवान है, बेकार है लगाओ इसे कहीं पर । अब इसमें देखियेगा पिछले साल क्लास 1 एण्ड 2 में 6742 थे । इस साल वह 6835 हो गए । यानी 93 बढ़ गए । और क्लास 4 में 7,94846 थे जो घट कर 7,82,343 रह गए । यानी दो हजार और घट गए । अफसर बढ़ गए, कर्मचारी घट गए । यह बात कुछ समझ में नहीं आती । यह पता नहीं कौन सी स्कीम चला रहे हैं कि अफसरों को बढ़ाओ, कर्मचारियों को घटाओ । और आप इनकी तारीफ करते हो । आपको मैं दोष नहीं देता हूँ । यह किसी ने

[श्री जार्ज फरनेन्डीज]

लिख कर दे दिया आप को और आपने पढ़ दिया। इसमें यह लिखा है :

I Would like to refer at this point to the view that has been often expressed that the Railway Administration is top heavy and to point out that the cost of the officer carde on Railways (excluding medical staff who are emp'oyed mainly as a welfare measure) was only 0.88 per cent of the railway earning in 1968-69 against 1.13 per cent in 1950-51 and has shrunk to 2:1 per cent of total staff costs etc.

यानी अध्यक्ष महोदय, अपनी जान बचाने के लिए यहां जो टीका होती है उसको ऐंटीसिपेट करके पहले ही उसका उत्तर दे दिया। अपना बचाव करने का यह जो तरीका है.....

श्री नन्दा : इसके ऊपर क्या उत्तर है आप का ?

श्री जार्ज फरनेन्डीज : अब मुझे समय नहीं है। लेकिन मैं जरूर इसका खुलासा करूंगा क्योंकि यह तो आप जानते हैं न कि डिजरायली ने कहा है :

There are lics, dam lies and statistics—these statistics are dam lies.

तो आप के मुंह से सदन को और दुनिया को गुमराह करने का जो सिलसिला है यह इसका मैं जरूर विस्तार से आपको खुलासा दे दूंगा। इन कर्मचारियों के मामले में एक चीज और सुनियेगा और वह है शिठयूल्ड कास्ट्स एण्ड शिड्यूल्ड ट्राइब्स के बारे में। मुझे अफसोस है, मैं हैरान हूँ जब रेलवे बोर्ड के अफसरान बेशर्म बन कर लिखते हैं कि क्लास 4 के लिए भी इनको शैड्यूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राइब्स के लोग नहीं मिलते हैं, मैं क्लास 1 की बात समझ सकता हूँ, हालांकि मैं इस बात को भी नहीं मानता कि क्लास 1 के लिये नहीं मिलते, ये सब जो ऊंचे दर्जे के पढ़े लिखे लोग हैं ये नीचे दर्जे के आदमी जो ऊपर उठते हुए नहीं देख सकते, लेकिन क्लास 4 के लिए रेलवे बोर्ड की रपट के पेज 62 पर जो लिखा है और जिसको यह सदन बिना किसी प्रश्न के मन्जूरी करे, यह बड़ी अजीब बात है। इसमें ये लिखते हैं :

Scheduled Castes reservation

Brought forward from previous year that has been filled	1,847
Post reserved during the year	962
Number actually appointed	1,306

यानी 600 क्लास 4 की जगहें शैड्यूल्ड कास्ट्स के लोगों से नहीं भरी गई।

इसी तरह से शैड्यूल्ड ट्राइब्स के बारे में सुनिए :

Scheduled Tribes

Brought forward from previous year	1,687
Post reserved during the year	547
Actual appointments	372

मुझे शर्म लग रही है, सभापति महोदय। इस सदन को शर्म आनी चाहिए। कहां है संविधान, कहां है...आपकी नीतियां, कहां हैं आपकी सारी बातें ? आज चौथे दर्जे के लोग बेकार हो कर दिल्ली, मद्रास और हिन्दुस्तान के कौने कौने में सड़कों पर घूम रहे हैं और आप कहते हैं कि ये जगहें नहीं भरी गई। सभापति महोदय, यह मामला बहुत अहम है। कर्मचारियों के बारे में इस बजट में आपने कोई भी नई दिशा बताने का काम नहीं किया है।

इस समय 3 लाख कैजुअल मजदूरों की समस्या है। नन्दा जी, मेरी हाथ जोड़कर आप से प्रार्थना है, इस साल में चाहे और कुछ मत कीजिए, लेकिन कैजुअल सिस्टम को रेलवे से जरूर खत्म कर दीजिए, मैं आपको दुआ दूंगा।

सभापति महोदय, इसी तरह से लाइसैंस्ड पोर्टर्ज का मामला है। लाइसैंस्ड पोर्टर्ज के बारे में जो कमेटी बनाई गई थी, उसकी रिपोर्ट आ चुकी है, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। पिछले साल, नन्दा जी, आपकी जगह पर जो मंत्री जी बैठे थे, उन्होंने आश्वासन दिया था, उस आश्वासन का क्या हुआ? उसके लिए तो अब हम आपसे ही पूछेंगे। आज हालत यह है कि जब तक शरीर में ताकत है, मेहनत करेंगे और जब ताकत नहीं रहेगी तो फुटपाथ के मेहमान बनेंगे। इसलिए इनके वास्ते कुछ भी कीजिए। इस रेलवे लाइसैंस्ड पोर्टर्ज एन्क्वायरी कमेटी की रिपोर्ट को मन्जूर कीजिए।

अन्त में एक बात कह कर बैठ जाऊंगा। नई रेलवे लाइनों की जो चर्चा चल रही है, उन में बम्बई से मैंगलोर तक लोकल लाइन की मांग बहुत दिनों से चल रही है और पिछले 20 वर्षों में जो भी व्यक्ति इस मंत्रालय में आकर बैठा हमारे मित्र पाटिल साहब जब रेल मंत्री थे तो बम्बई जा कर कहा करते थे होनार आहे, लेकिन 20 वर्षों झाली नाहीं और अभी 20 वर्षों ताही होनार नाहीं। लेकिन अगर कहीं बम्बई में या मंगलोर में या कारवाड़ में तूफान मच जाय, तो हो सकता है। लोग अब इस चीज को समझ बैठे हैं कि सरकार इन्हीं बातों को समझती है, जब तक कोई तूफान नहीं मचेगा, इस सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंगेंगी। नन्दा जी जब आप इस बहस का उत्तर दें, तो मेहरबानी करके कुछ ठोस बात बताइये कि कितने वर्ष लगेंगे, 5 वर्ष, 10 वर्ष या 20 वर्ष ठोस बात बताइये। हम यहां रहें या न रहें, लेकिन कोंकण रेलवे कब तक पूरी हो जायेगी। वहां की जनता की यह 100 वर्ष पुरानी मांग है...

श्री नन्दा : इतनी जल्दी ठोस बात मानेंगे तो वह ठोस नहीं होगी।

श्री जार्ज फरनेन्डीज : आप कुछ ठोस बात कहिये, निश्चित टाइम की बात कीजिये। मेहरबानी करके हमारे इस क्षेत्र की जनता की इस शिकायत को दूर करने में मदद कीजिए।

इन शब्दों के साथ, सभापति महोदय, आप को धन्यवाद देते हुए अपना भाषण समाप्त करता हूँ।

श्री चि० गौतम (बालाघाट) : सभापति महोदय, हमारे क्षेत्र बालाघाट जिले में, जो मध्य प्रदेश का एक जिला है, एक ऐसा क्षेत्र है जहां मैंगनीज और फौरेस्ट प्रोडयूस का एक बहुत बड़ा भण्डार उपलब्ध है, लेकिन उस 6 मील की लम्बाई में वहां पर कोई रेल-लाइन नहीं है, इसलिये कटंगी से तिरोड़ी तक रेल लाइन का होना बहुत आवश्यक है। सब तरह का व्यवसाय वहां पर है। इसके लिये जब हमारे डिप्टी मिनिस्टर वहां पर आये थे, उनसे लोगों ने अनुरोध किया था। यह उनकी बहुत दिनों की मांग है, जिसे अवश्य पूरा किया जाना चाहिये। इसके पूरा होने से वहां व्यापार में बहुत उन्नति होगी तथा मैंगनीज का भाव जो इस समय गिर गया है, एक्सपोर्ट नहीं हो रहा है उसमें बढ़ोत्तरी होगी। पहले मैंगनीज का भाव 200 रु० टन था, लेकिन अब गिर कर 100 रु० टन तक पहुंच गया है, तिस पर भी खरीदार नहीं है। आपके डिपार्टमेंट ने रेलवे फ्रेट भी बहुत बढ़ा दिया है, करीब 2 रु० 60 पैसा प्रति टन प्रति 1000 किलो मीटर बढ़ा दिया है। मैंगनीज का भाव पहले ही कम है, लेकिन फ्रेट के बढ़ जाने से उस पर और ज्यादा असर पड़ा है, इसके अलावा उन लोगों को इंकम टैक्स, सेल्ज टैक्स और दूसरे कई तरह के टैक्स देने पड़ते हैं, जिससे वहां के मैंगनीज की एक्सपोर्ट बिल्कुल बन्द है। सिर्फ एक कम्पनी जो मैंगनीज और इण्डिया लि० कहलाती है। इस काम को करती है और जिसको इस काम से करोड़ों रुपये की आमदनी होती थी, आज वह भी लौस में जा रही है। इस ख्याल से भी जो रेलवे फ्रेट आपने बढ़ाया है, उसको अवश्य

[श्री चिं० गौतम]

कम कर देना चाहिये। 2 रु० 60 पैसा जो आपने बढ़ाया है, उसको घटा देना चाहिये, क्योंकि माल नागपुर बालाघाट से विजगापटम जाता है, ऐसी हालत में बढ़े हुए रेट से बहुत दिक्कत हो रही है। इतना ही नहीं इस समय जो एक्जिस्टिंग रेट है, उसको भी कम करने की जरूरत है।

गोंदिया से जबलपुर, नयनपुर से नागपुर और गोंदिया से चांदा इस समय नैरोगेज लाइनें हैं। ये बहुत पुराने जमाने की लाइनें हैं। कम से कम बालाघाट और जबलपुर की तरफ तो विशेष ध्यान देना चाहिए। इस क्षेत्र में वन-सम्पदा से बड़ी भारी आमदनी होती है, टिम्बर, मैंगनीज और और ग्रेन्ज ये सब चीजें वहां से बाहर जाती हैं। इन मालों को ले जाने के लिये जब तक वहां ब्रांड-गेज लाइन नहीं होगी, तब तक वहां फायदा नहीं होगा। जैसा कि आपको स्टेटिस्टिस से मालूम होगा ब्रांड गेज नैरोगेज लाइनों के चलाने में कास्ट पर बहुत असर पड़ता है। 100 रु० की आमदनी कमाने के लिए ब्राड गेज में 66 रु० लगते हैं, जबकि नैरोगेज में 100 रु० की आमदनी कमाने के लिए 227 रु० लगते हैं। इसलिए नैरोगेज चलाने में रेलवे को करोड़ों रुपये का नुकसान होता है। इतने बड़े नुकसान को दृष्टि में रखते हुये इसको ब्राडगेज में परिवर्तित करना बहुत जरूरी है। इसके बदलने से खर्च भी बचेगा और आमदनी भी बढ़ेगी वहां पर वेगन्ज न मिलने के कारण हजारों ट्रक्स चल रहे हैं तथा अधिकांश माल ट्रक्स के जरिये ही इधर से उधर जाता है जिससे रेलवे को बहुत नुकसान हो रहा है। इस ओर भी रेलवे को ध्यान देना चाहिये।

देश के इस भाग के बहुत से क्षेत्रों में आवागमन के साधन नहीं हैं, जैसे बस्तर क्षेत्र है जहां आवागमन का कोई साधन नहीं है। यहां पर मैंगनीज, मिनरल्ज और लकड़ी का बहुत बड़ा भण्डार है, अगर इस क्षेत्र में रेल बिछाई जायेगी तो इससे उस क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा, उनकी तरक्की होगी। आज जो पिछड़े हुये आदिवासी लोग हैं वह उन्नति कर सकेंगे। इस ओर भी ख्याल करना बहुत जरूरी है।

गोंदिया से जबलपुर सिर्फ 118 मील है लेकिन इस दूरी को तय करने में गाड़ी को 11 घण्टे लगते हैं यानी 13-14 मील फी घण्टे का एवरेज आता है। नतीजा यह होता है कि बहुत से लोग बसों से जाने लगे हैं जिसकी वजह से भी नुकसान होता है। . . . . (**व्यवधान**) . . . . लेट रनिंग तो अब यूजुअल चीज हो गई है। जी टी एक्सप्रेस भी तीन घण्टे लेट जाती हैं। मैं यह कहना चाहता हूँ कि बालाघाट में ओवर-ब्रिज की नितान्त आवश्यकता है। इसके अभाव में, एक बार आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, ढेवर साहब जब आये थे तो उनको भी 15 मिनट तक रुकना पड़ा था। इसलिए वहां पर ओवरब्रिज की बहुत आवश्यकता है। माननीय मन्त्री जी आये थे, उनको मैमोरंडम भी दिया गया है। तो ये बातें मैंने आपके सामने रखी है।

इसी सरह से बेलाडीला से विजखापटम तक लाइन बनी हुई है। बेलाडीला बस्तर में है। वहां से आइरन भेजा जाता है। उस लाइन पर अगर पसेन्जर ट्रेन चलाई जाये तो उससे वहां के लोगों को बड़ी सुविधा होगी और उस क्षेत्र में आदिवासियों की तरक्की हो सकेगी। मैं उम्मीद करता हूँ मन्त्री जी इस तरफ अवश्य ध्यान देंगे।

इसके अतिरिक्त बालाघाट जिले में तांबे की एक खदान चलाने की योजना है इसलिए बैहर तहसील में रेल बिछाने की बहुत ही आवश्यकता है। मैं उम्मीद करता हूँ माननीय मंत्री जी इन सब बातों के ऊपर ख्याल करने की कृपा करेंगे।

